



दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-182 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 27 अगस्त 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# नेपाल में कुदरत का कहर, अचानक आई बाढ़ से सैकड़ों लोगों की मौत

## तिब्बत सीमा के पास भारी तबाही





काठमांडू (ए.)। हिमालयी देश नेपाल में तिब्बत सीमा के पास अचानक आई भीषण बाढ़ (फ्लैश फ्लड) ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ के इस उग्र रूप और तेज बहाव में कई गांव बह गए हैं और अहम बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बुधवार को पुष्टि की है कि इस प्राकृतिक आपदा में कई की मौत हो चुकी है, जबकि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ने की गहरी आशंका जताई जा रही है।

### रसुवा जिले में सबसे ज्यादा तबाही, पूरे के पूरे गांव बहे

करीब 50 हजार की आबादी वाले पहाड़ी रसुवा जिले में बाढ़ का सबसे खौफनाक मंजर देखने को मिला है। यहां के स्याप्रु बेसी और तिमुरे इलाके इस आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। जिला प्रशासक नरेंद्र परियार ने बताया कि पानी का बहाव इतना तेज था कि पूरे के पूरे गांव और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के स्थल उसमें बह गए हैं। हालांकि अभी जान-माल के नुकसान के सटीक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन परियार ने बड़े पैमाने पर जनहानि और संपत्ति के तबाह होने की आशंका जताई है।

### जलविद्युत परियोजनाओं, सड़कों और पुलों को भारी नुकसान

नेपाल के जल संसाधन मंत्रालय के अनुसार, इस प्रलयंकारी बाढ़ के कारण कई पनबिजली (जलविद्युत) परियोजनाओं, सड़कों और अहम पुलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बुनियादी ढांचा तहस-नहस होने के चलते पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बुरी तरह से बाधित हो गई है। अचानक आए पानी के इस सैलाब ने स्थानीय जीवन और यातायात को पूरी तरह से पंगु बना दिया है।

### रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, नदी किनारे रहने वालों को अलर्ट

हालात की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने राहत और बचाव कार्यों के लिए पुलिस, सेना और रेस्क्यू टीमों को तुरंत मौके पर भेज दिया है। उन्होंने निचले इलाकों में रहने वाले निवासियों से फौरन सुरक्षित स्थानों पर चले जाने की अपील की है और भोटे कोशी नदी के किनारे रहने वालों को अलर्ट पर रहने की सलाह दी है। अचानक आई इस बाढ़ का कारण अभी तक पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि, इस घटना ने पिछले साल भोटे कोशी नदी में आई उस जानलेवा बाढ़ की यादें ताजा कर दी हैं।

जिसका कारण तिब्बत में एक ग्लेशियर झील का टूटना (ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट) था। बता दें कि भोटे कोशी नदी तिब्बत से निकलकर नेपाल की त्रिशूली नदी में मिलती है, जो आगे चलकर भारत में गंडक नदी के रूप में प्रवेश करती है।

## नेपाल में भयावह बाढ़ हादसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बालेंद्र शाह से बात की



नई दिल्ली, (आरएनएस)। नेपाल में तिब्बत सीमा से जुड़े रसुवा जिले में बुधवार को आई भयावह बाढ़ की वजह से काफी नुकसान हुआ है और अभी तक 16 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। हादसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाली प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से फोन पर बात की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने एक्स पर बताया कि भारत और नेपाल की टीम मिलकर राहत और बचाव कार्य में साथ दे रही है।प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बात की और नेपाल में बाढ़ से हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की। इस मुश्किल समय में भारत के लोग नेपाल में अपने भाई-बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। भारत नेपाल को हर संभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी टीमें बचाव और राहत कार्यों के लिए मिलकर काम कर रही हैं।नेपाल में भारतीय दूतावास भी अधिकारियों के संपर्क में है।नेपाल में भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा कि नेपाल में अचानक आई बाढ़ से प्रभावित भारतीय नागरिकों के जल्द बचाव और राहत के लिए भारत का दूतावास नेपाल सरकार के संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है।नेपाल सरकार के साथ मिलकर बचाव और राहत कार्यों को और मजबूत किया जा रहा है। दूतावास ने भारतीय नागरिकों से जुड़ी मदद और जानकारी के लिए +977 985 131 6807, +977 970 910 7500 पर संपर्क करने के लिए कहा है।





### भारत ने नेपाल को भेजी राहत सामग्री और जरूरी दवाएं

*भारत ने नेपाल में आई भीषण बाढ़ से निपटने के लिए 10 टन मानवीय सहायता और जरूरी दवाएं भेजी हैं। भारत ने कहा कि वह इस मुश्किल समय में नेपाल और उसके लोगों के साथ खड़ा है। भारत ने बाढ़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना भी जताई।*

## इंडिया गेट पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने शुरू की तैयारी



नई दिल्ली, (आरएनएस)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने 5 सितंबर को दिल्ली के इंडिया गेट से दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन और मार्च निकालने का ऐलान किया है। प्रस्तावित मार्च को लेकर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षा और यातायात संबंधी चिंताओं को देखते हुए प्रदर्शन स्थल को इंडिया गेट से रामलीला मैदान या किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि अभी तक प्रदर्शन के संबंध में कोई आधिकारिक अनुरोध या पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। प्रस्तावित प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने इंडिया गेट क्षेत्र में लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने की योजना पर भी काम शुरू कर दिया है। इस संबंध में नई दिल्ली की पुलिस संयुक्त आयुक्त नूपुर प्रसाद और नई दिल्ली जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को बैठकें कीं।

# देश के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक बारिश का दौर जारी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देश के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक वर्षा का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी झारखंड और आसपास के क्षेत्रों में बना निम्न दबाव का क्षेत्र अब उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। इसके अगले 24 घंटे में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव से मध्य और उत्तर भारत के कई हिस्सों में वर्षा की गतिविधियां बढ़ सकती हैं।मौसम विभाग के अनुसार, देश में हो रही वर्षा के पीछे मुख्य कारण निम्न दबाव क्षेत्र, मानसून द्रोणिका और नमी वाली हवाएं हैं। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त हवाएं निम्न दबाव क्षेत्र को ऊर्जा प्रदान कर रही हैं। इसके कारण



बादलों का निर्माण हो रहा है और मध्य तथा उत्तरी भारत के कई हिस्सों में वर्षा की गतिविधियां बढ़ रही हैं। निम्न दबाव क्षेत्र के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने के साथ वर्षा का प्रभाव उत्तरी भारत के अन्य हिस्सों तक पहुंचने की संभावना है।

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक बार फिर आंधी-तूफान के साथ वर्षा की स्थिति बन रही है। उत्तर प्रदेश की ओर से वर्षा का क्षेत्र दिल्ली-एनसीआर की तरफ बढ़ रहा है। नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में मध्यम वर्षा होने की संभावना है। दिल्ली और गुरुग्राम के कुछ हिस्सों में शाम पांच बजे से रात आठ बजे के बीच वर्षा हो सकती है।

दिल्ली-एनसीआर में यह मौसम ऐसे समय में बदला है, जब एक दिन पहले हुई भारी वर्षा के कारण कई इलाकों में जलभराव और यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। खराब मौसम के कारण कई उड़ानों के मार्ग में भी बदलाव करना पड़ा था।

बिहार में 30 अगस्त तक वर्षा का दौर जारी रहने का अनुमान है।

## आईसीएटी ने 15 मीटर लंबी बहु-धुरी शयनयान बस को पहला अनुपालन प्रमाण-पत्र जारी किया

मानेसर (हरियाणा) (आरएनएस)। भारत के यात्री परिवहन क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय वाहन प्रौद्योगिकी केंद्र (आईसीएटी) ने केंद्रीय मोटर वाहन नियमों के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप 15 मीटर लंबी बहु-धुरी शयनयान बस के लिए अपना पहला अनुपालन प्रमाण-पत्र जारी किया है। यह प्रमाणन वाहन मानक-119 और वाहन मानक-153 के अंतर्गत किया गया है। यह प्रमाण-पत्र सिनाटी ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड को उसकी 15 मीटर लंबी बहु-धुरी शयनयान बस के लिए प्रदान किया गया है। इसे यात्री परिवहन श्रेणी में स्वीकार्य बस ढांचे की सबसे लंबी संरचनाओं में से एक की जांच और प्रमाणन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। आईसीएटी के निदेशक सौरभ दलेला ने संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में सिनाटी ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नरेश कुमार यादव को औपचारिक रूप से प्रमाण-पत्र सौंपा। 15 मीटर लंबी इस बस को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक परिवहन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

## मालदा मेडिकल कॉलेज में 10 नवजात बच्चों की मौत से हड़कंप, स्वास्थ्य विभाग ने मांगी रिपोर्ट

मालदा (आरएनएस)। कोलकाता के मालदा मेडिकल कॉलेज में एक ही दिन में दस नए जन्मे बच्चों की मौत हो गई. कहा जा रहा है कि मेडिकल अधिकारियों ने शुरू में इस मामले को दबाने की कोशिश की थी. मामले की खबर फैलते ही राज्य स्वास्थ्य विभाग ने पूरी रिपोर्ट मांगी, जिससे संस्थान में हंगामा मच गया. यह घटना अगस्त के दूसरे हफ्ते में हुई.1,120 बेड वाले मालदा मेडिकल कॉलेज परिसर में मदर एंड चाइल्ड हब (मां और बच्चे) के लिए एक खास जगह है।




## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, कीमतों पर लगाम लगाने के लिए 35 रुपए प्रति किलो की दर से बेचेगी प्याज



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में प्याज की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण पाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने निर्णय लिया है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार से उपभोक्ताओं को 35 रुपए प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान में खुदरा बाजार में प्याज की कीमतें कई स्थानों पर 55 से 60 रुपए प्रति किलो के स्तर तक पहुंच गई हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाजार में जो प्याज उतारा जा रहा है वह वर्ष 2026 के लिए बनाए गए 1.21 लाख टन के बफर स्टॉक का हिस्सा है, और केंद्र सरकार अपने मूल्य स्थिरीकरण कोष का उपयोग करते हुए बाजार में हस्तक्षेप कर रही है ताकि कीमतों में तेजी को रोका जा सके और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव पहुंचे तीर्थनगरी ओंकारेश्वर

### खेड़ीघाट में श्री राजराजेश्वरी त्रिपुर बाला सुंदरी मंदिर में सपत्नीक किए दर्शन-पूजन

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार शाम श्रावण मास के पावन अवसर पर सपत्नीक तीर्थनगरी ओंकारेश्वर पहुंचे। उन्होंने खेड़ीघाट स्थित प्रसिद्ध श्री राजराजेश्वरी त्रिपुर बाला सुंदरी मंदिर में सपत्नीक विधि-विधानपूर्वक मां राजराजेश्वरी के दर्शन एवं पूजन-अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धापूर्वक मां राजराजेश्वरी का पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री के मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुचारू दर्शन व्यवस्था तथा मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।



मंगल दास त्यागी महाराज से लिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव खेड़ीघाट से रवाना होकर ओंकारेश्वर स्थित प्रसिद्ध संत मंगल दास त्यागी महाराज के आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने सपत्नीक मंगल दास त्यागी महाराज के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

## नेपाल में लापता भारतीय नागरिकों का पता लगाने के लिए तत्काल कदम उठाए सरकार : खड़गे



नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ से हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख जताया और भारत सरकार से आग्रह किया कि नेपाल में लापता 100 से अधिक भारतीय नागरिकों का पता लगाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं।

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ से वह हतप्रभ और दुखी हैं तथा इस आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नेपाल में 100 से अधिक भारतीय नागरिकों के लापता होने की खबरों को लेकर ''गहरी चिंता'' है.उन्होंने भारत सरकार से लापता लोगों का पता लगाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनके परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

खड़गे ने कहा कि इस कठिन समय में भारत को नेपाल को भी हर संभव मानवीय सहायता मुहैया करानी चाहिए. उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेपाल के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ी है और सभी प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती है।




K ✌ K
राजधानी समाचार



गुरुवार 27 अगस्त 2026, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) दैनिक क्षितिज किरण 2

# लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ.यादव को बांधी स्नेह और विश्वास से भरी राखियां

## मुख्यमंत्री ने दोहराया प्रदेश की हर बहन की खुशहाली का संकल्प



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ग्वालियर की लाड़ली बहनों ने स्नेह और विश्वास से भरी राखियाँ बांधी। इन राखियों के पवित्र धागों ने जहां भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते को सुदृढ़ किया। वहीं प्रदेश की हर बहन के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और खुशहाली के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संकल्प को और मजबूत किया। रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप लाडली बहना योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि देने के लिए ग्वालियर की लाडली बहनों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद पत्र भी भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ग्वालियर विमानतल पर तैनात सीआईएसएफ की दो महिला सुरक्षा कर्मियों ने राखियां बांधीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के ललाट पर लाड़ली बहनों ने रोली का तिलक लगाकर राखी बांधी मुख्यमंत्री ने सभी बहनों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बहन और भाई का रिश्ता केवल एक पर्व तक सीमित नहीं है, यह जीवनभर के स्नेह, विश्वास और जिम्मेदारी का रिश्ता है। राखी का यह पवित्र धागा हमें निरंतर याद दिलाता रहेगा कि मध्यप्रदेश की प्रत्येक बहन उनके परिवार का हिस्सा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की हर बहन के चेहरे पर मुस्कान हो, बेटियां सुरक्षित रहें, आत्मनिर्भर बनें और अपने सपनों को पूरा करते हुए आगे बढ़ें, इसके लिए प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।एयर टर्मिनल पर तैनात महाराष्ट्र निवासी सुश्री रासकर अश्विनी और राजस्थान निवासी सुश्री पूनम यादव इस बार रक्षाबंधन पर अपने घर नहीं जा पा रही हैं। अपनों से दूर होने की कसक उनके मन में थी, लेकिन मुख्यमंत्री की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधते ही उनकी आंखें नम हो गईं। दोनों ने भावुक होकर कहा मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व पर हमें भाई की कमी महसूस नहीं होने दी।लाड़ली बहनों के विश्वास और मुख्यमंत्री की आत्मीयता से रक्षाबंधन का यह अवसर स्नेहिल भावनाओं से भर उठा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भिंड जिले के मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में गोदरेज की चौथी यूनिट का शुभारंभ करने आए थे। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ट्रांजिट विजिट पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल पहुंचे थे। इस अवसर पर कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष केशव सिंह बघेल, जीडीए के अध्यक्ष मधुसूदन सिंह भदौरिया, महर्षि पतंजलि बोर्ड के अध्यक्ष कौशल शर्मा, नगर निगम सभापति मनोज तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## रहवासी इलाकों में कारोबार पर भोपाल निगम की पहली बड़ी कार्रवाई, गौतम नगर का होटल सील



भोपाल, (ए.)। रहवासी क्षेत्रों में बिना अनुमति व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को वार्ड-58 के गौतम नगर में आवासीय भवन में संचालित होटल को नगर निगम की टीम ने सील कर दिया। निगम के अनुसार, भवन स्वामी को व्यावसायिक गतिविधि बंद कर भवन को मूल स्वरूप में लाने के लिए पहले नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इसके बावजूद होटल का संचालन जारी रहा।नगर निगम के मुताबिक भवन स्वामी शुभेंदु उपाध्याय द्वारा आवासीय क्षेत्र में आवश्यक अनुमति के बिना ओयो होटल का संचालन किया जा रहा था। इस संबंध में पूर्व में मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत सूचना पत्र जारी किया गया था। 24 अगस्त को धारा 303 के तहत अंतिम सूचना पत्र जारी कर भवन को मूल स्वरूप में लाने और व्यावसायिक गतिविधि बंद करने के निर्देश दिए गए थे। निगम का कहना है कि निर्धारित समय के बाद भी न तो भवन को मूल स्वरूप में लाया गया और न ही व्यावसायिक गतिविधि बंद की गई। इसके बाद बुधवार को भवन अनुज्ञा शाखा, राजस्व शाखा और अतिक्रमण शाखा की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर होटल में तालाबंदी की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान गोविंदपुरा पुलिस भी मौजूद रही।नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि रहवासी क्षेत्रों में बिना वैध अनुमति या स्वीकृत भू-उपयोग के विपरीत व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन स्वीकार नहीं किया जाएगा। निगम अधिकारियों के अनुसार, नोटिस के बावजूद गतिविधियां जारी रखने वाले भवन स्वामियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के 30 कछुए जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

### इंदौर में अंतर्राज्यीय स्तर पर वन्यजीवों की अवैध तस्करी का मामला उजागर

भोपाल (आरएनएस)। दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के वन्यजीवों की तस्करी करने वाले गिरोह के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की इंदौर इकाई ने कार्रवाई करते हुए 30 कछुओं के अवैध व्यापार में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को विशेष न्यायालय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इंदौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें फॉरेस्ट रिमांड पर लिया गया है। मामले में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की इस कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहन गौड़, पिता कमल गौड़, निवासी मूसाखेड़ी, इंदौर और केशव शर्मा, पिता विमल शर्मा, निवासी मूसाखेड़ी, इंदौर के रूप में हुई है।

## त्यौहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

### साईं बाबा ट्रेडिंग से 114 किलोग्राम मिठाई जब्त नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए





भोपाल (आरएनएस)। त्यौहारी अवधि को देखते हुए भोपाल जिले में मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सीहोर रोड स्थित साईं बाबा ट्रेडिंग का निरीक्षण कर विभिन्न प्रकार की 114 किलोग्राम मिठाई जब्त की। जब्त मिठाइयों का अनुमानित बाजार मूल्य 22 हजार 800 रुपये है। कार्रवाई के दौरान 27 किलोग्राम नंदी स्वीट हलवा, 27 किलोग्राम कृष्णा हलवा, 30 किलोग्राम गोपाल स्वीट्स बर्फी तथा 30 किलोग्राम कृष्णा डिलिशियस स्वीट जब्त की गई।खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जब्त खाद्य पदार्थों के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में कृष्णा डिलिशियस स्वीट के पैकेट पर निर्माता द्वारा सामग्री के रूप में मिल्क सॉलिड्स, शुगर, पार्शियली हाइड्रोजनेटेड ऑयल (वनस्पति) और रिफाइंड पामोलीन ऑयल आदि का उल्लेख पाया गया। खाद्य पदार्थ की वास्तविक गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूपता का निर्धारण प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा।

## किसानों की आवाज बनकर सरकार और संगठन के बीच सेतु बने किसान मोर्चा : हेमंत खंडेलवाल

### - भाजपा के तीन मोर्चों की बैठक में हेमंत खंडेलवाल ने साधा संगठन विस्तार पर जोर

भोपाल,(ए.)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा, किसान मोर्चा और युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी मोर्चों की जिम्मेदारी केवल संगठन को मजबूत करना नहीं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी है।



हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों से लगातार संवाद करें, उनकी समस्याओं को समझें और पात्र हितग्राहियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलना और संगठन तथा जनता के बीच मजबूत सेतु बनाना भाजपा कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता होनी चाहिए।

**कांग्रेस पर अंबेडकर के अपमान का आरोप**

अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में खंडेलवाल ने कांग्रेस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहब के विचारों और संविधान के प्रति सम्मान को प्राथमिकता देती है। उनके अनुसार, भाजपा सरकारों ने गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए लगातार काम किया है।उन्होंने मध्यप्रदेश में वर्ष 2003 के बाद हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकारों के कार्यकाल में बिजली, सड़क और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में विस्तार हुआ है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से ऐसे गांवों को भी मुख्य मार्गों से जोड़ा गया, जो पहले आवागमन की बेहतर सुविधाओं से वंचित थे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर चल रहे समरसता संकल्प अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि संत रविदास के विचार सामाजिक एकता और समरसता का संदेश देते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक को अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने भी संबोधित किया। मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहे।

**किसान मोर्चा किसानों की आवाज बने**

किसान मोर्चा की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को किसान वर्ष घोषित किया है। ऐसे में किसान मोर्चा की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याएं समझने और सरकार तथा संगठन तक उनकी बात पहुंचाने को कहा। हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि किसान मोर्चा सरकार और किसानों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का काम करता है। किसानों तक योजनाओं, निर्णयों और उपलब्धियों की जानकारी पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं के समाधान के लिए भी मोर्चा को सक्रिय रहना होगा।

उन्होंने सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2003 से पहले प्रदेश में सिंचाई का रकबा करीब साढ़े सात लाख हेक्टेयर था, जो भाजपा सरकारों के कार्यकाल में बढ़कर करीब 55 लाख हेक्टेयर तक पहुंचा है। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित किसानों से जुड़ी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से इनके बारे में किसानों को तथ्यात्मक जानकारी देने को कहा।

## हर्षोल्लास से रक्षाबंधन, बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर होंगे अनेक आयोजन

### भोपाल में 7 दिवसीय श्रीरासलीला समारोह सहित प्रदेशभर में होंगे आयोजन

भोपाल(आरएनएस.)। रक्षाबंधन, बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न आयोजन होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संस्कृति, किसान कल्याण तथा कृषि विकास,महिला एवं बाल विकास,लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,पर्यटन,जेल,गृह, पशुपालन, जनजातीय कार्य विभाग सहित कमिश्नर और कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र अनुसार रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त, 2026 को सामाजिक रिश्तों से प्रकृति तक विस्तार कर जल, प्रकृति और पर्यावरण से गहन संबंध के रक्षण का संकल्प एवं आह्वान के लिए विभिन्न वर्ग को जोड़ने के लिए एक राखी एक संकल्प, रक्षासूत्र एक राखी एक रिश्ता, पेड़ को राखी-प्रकृति से भाईचारा जैसी गतिविधियाँ जनसहभागिता के साथ आयोजित की जायेगी। छात्रों के लिए स्कूलों में प्रकृति की रक्षा के लिए कहानी, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में प्रसंग के अनुरुप आयोजन होंगे।बलराम जयंती 2 सितम्बर 2026 के अवसर पर बलराम कृषि महोत्सव के तहत कृषि संबंधी पारंपरिक कलारुपों की विशेष प्रस्तुतियों के साथ आधुनिक कृषि उपकरण एवं बीज और प्राकृतिक खेती केन्द्रित प्रदर्शनी, सह-संवाद जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी।श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 4 सितम्बर 2026 को प्रदेशभर में भव्य स्तर पर मनायी जायेगी। जन्माष्टमी बाललीला का पर्व है, इसीलिए बच्चों को विशेष रूप से आयोजनों से जोड़ने के लिए स्कूलों में मटकी प्रतियोगिता, बांसुरी प्रतियोगिता, जीवंत झांकी निर्माण, श्रीकृष्ण से जुड़े प्रसंगों पर तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, छोटे बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के बालस्वरूप में तैयार कर विशेष प्रस्तुति स्कूलों में आयोजित होगी।




## एमपी ट्रांसको ने 43 अनुकंपा संविदाकर्मियों का किया नियमितीकरण : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

भोपाल (आरएनएस)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों में दिवंगत कार्मिकों के आश्रितों को अनुकंपा आधार पर संविदा पदों पर दी गई नियुक्तियों को नियमित करने की प्रक्रिया के तहत मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 43 अनुकंपा संविदाकर्मियों को नियमित नियुक्ति प्रदान की है। यह कदम कर्मचारी कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने नियमित हुए सभी कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। साथ ही मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को देश में प्राप्त विशिष्ट पहचान को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता मानव संसाधन एवं प्रशासन धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दिवंगत कार्मिकों के आश्रितों को मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की अनुकंपा नियुक्ति नीति-2018 एवं संशोधित नीति-2023 के प्रावधानों के तहत संविदा पदों पर नियुक्त किया गया था। कंपनी द्वारा वर्ष 2026 की अनुकंपा आधार पर संविदा पदों पर नियुक्त कार्मिकों की समकक्ष नियमित पद पर नवीन नियुक्ति योजना के अंतर्गत ऐसे पात्र संविदा कर्मियों को नियमित पदों पर नियुक्ति प्रदान की गई है। नियमित किए गए 43 कर्मियों में कार्यालय सहायक श्रेणी-3 प्रशिक्षु के 4, सब-स्टेशन परिचारक प्रशिक्षु के 13 तथा लाइन परिचारक प्रशिक्षु के 26 कर्मी शामिल हैं। सभी को नियमित पदों पर नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। नियमित नियुक्ति प्राप्त करने वाले कर्मियों में सामान्य वर्ग के 10, अन्य पिछड़ा वर्ग के 20, अनुसूचित जाति वर्ग के 12 तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 1 कर्मी शामिल हैं।

## ईद मिलादुन्नबी पर भोपाल में निकले जुलूस, बड़ी संख्या में समाजजन हुए शामिल

### मंगलवारा और अशोका गार्डन से निकले चल समारोह, अखाड़ों ने दिखाए पारंपरिक करतब



भोपाल(आरएनएस)। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को भोपाल में मुस्लिम समाज की ओर से विभिन्न स्थानों से जुलूस निकाले गए। मंगलवारा और अशोका गार्डन क्षेत्र से निकले चल समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। मंगलवारा क्षेत्र के जुलूस में अखाड़ों के सदस्यों ने पारंपरिक कला और शौर्य प्रदर्शन किया। महिला प्रतिभागियों ने भी तलवारबाजी के पारंपरिक करतब प्रस्तुत किए।ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी की ओर से निकाला गया जुलूस इतवारा मस्जिद से शुरू होकर निर्धारित मार्ग से होते हुए पीरगेट पहुंचा और इमामी गेट पर समापन प्रस्तावित रहा। जुलूस में विभिन्न अखाड़ों के दल भी शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार, आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ भोपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सौहार्द का संदेश देना है। कमेटी के संरक्षक शमशुअल हसन बल्ली ने कहा कि विभिन्न स्थानों से निकलने वाले जुलूसों का समापन एक मंच पर किया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक और मुस्लिम संगठनों से एकजुट होकर आयोजन में शामिल होने की अपील की। कमेटी ने जुलूस को सामाजिक और धार्मिक सौहार्द का मंच बनाए रखने पर जोर दिया।

मिलाद-उन-नबी के मौके पर अशोका गार्डन क्षेत्र से भी जुलूस निकाला गया। इसमें समाज के वरिष्ठजनों के साथ बच्चे भी शामिल हुए। जुलूस अशोका गार्डन से शुरू होकर निर्धारित मार्ग से होते हुए जिंसी चौराहा पहुंचा, जहां इसका समापन किया गया। दो अलग-अलग स्थानों से जुलूस निकलने के कारण यातायात पुलिस ने पुराने और नए शहर के कई इलाकों में डायवर्जन व्यवस्था लागू की।

## भोपाल के कजलीखेड़ा में आधी रात दो बदमाशों ने की फायरिंग, पुरानी रंजिश में वारदात का आरोप

भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। दो युवकों द्वारा फायरिंग किए जाने का वीडियो भी सामने आया है। घटना के बाद फरियादी अजय बैरागी शिकायत लेकर थाने पहुंचा और पुलिस पर एफआईआर दर्ज करने में देरी करने का आरोप लगाया। हालांकि, पुलिस ने इस आरोप से इनकार किया है।पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में फायरिंग की घटना को पुरानी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। थाना प्रभारी पल्लवी पांडे के मुताबिक, बैरागढ़ चीचली निवासी जीतू यादव पर फायरिंग करने का आरोप है। दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद होने की जानकारी सामने आई है। फरियादी अजय बैरागी का आरोप है कि घटना के बाद वह शिकायत लेकर कजलीखेड़ा थाने पहुंचा था, लेकिन उसकी शिकायत पर तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की गई और उसे वापस भेज दिया गया। वहीं थाना प्रभारी ने पुलिस की ओर से किसी तरह की लापरवाही या देरी के आरोप को खारिज किया है। पुलिस का कहना है कि फरियादी पक्ष थाने में मौजूद है और मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। फायरिंग की घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उसे जांच में शामिल किया है। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने के साथ ही घटना के कारण और मौके पर मौजूद लोगों की जानकारी जुटा रही है। आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि फायरिंग में इस्तेमाल हथियार किसके पास था और घटना के पीछे पुराना विवाद क्या था। मामले में जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मध्य प्रदेश में 600 करोड़ की कथित वित्तीय अनियमितता पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा, सीबीआई जांच की मांग

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश में सरकारी भुगतान और बजट प्रबंधन से जुड़ी करीब 600 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बुधवार को कहा कि मामला केवल कुछ कर्मचारियों की कथित लापरवाही तक सीमित नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि इससे प्रदेश की बजटीय, डिजिटल भुगतान और वित्तीय निगरानी व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होते हैं।मुकेश नायक ने कहा कि यदि सरकारी धन के भुगतान से जुड़े बैंक खातों में बदलाव कर राशि निजी खातों तक पहुंची है, तो यह गंभीर विषय है। उन्होंने पूरे मामले की स्वतंत्र जांच कराने और जिम्मेदारी उच्च स्तर तक तय करने की मांग की। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के किसी न्यायाधीश की निगरानी में सीबीआई जांच कराने की मांग भी रखी। मुकेश नायक ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर 24 विभागों से जुड़े मामलों की जानकारी सामने आई थी, जबकि बाद में 59 विभागों में अनियमितताओं की बात सामने आई। उन्होंने करीब 400 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि यदि ये आंकड़े जांच में सही पाए जाते हैं तो मामले की व्यापकता को देखते हुए इसकी तह तक जाना जरूरी है।उन्होंने कहा कि जांच का दायरा केवल उन कर्मचारियों तक सीमित नहीं होना चाहिए, जिनके स्तर पर भुगतान या डिजिटल प्रक्रिया में कथित अनियमितता हुई। यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि बैंक खातों, लॉगिन और पासवर्ड में बदलाव की निगरानी किस स्तर पर होती थी और करोड़ों रुपए के संदिग्ध भुगतान वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था से कैसे गुजर गए।कांग्रेस मीडिया प्रभारी नायक ने सरकारी धन के कथित रूप से निजी बैंक खातों में ट्रांसफर होने को गंभीर जांच का विषय बताया। उन्होंने लगभग 55 करोड़ रुपए के निजी खातों में पहुंचने की बात का उल्लेख करते हुए सरकार से खाताधारकों, लेनदेन और राशि की वर्तमान स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।



# पार्षदों ने भैंस के आगे बजाई बीन

## बोले- डबरा नगर परिषद में नहीं हो रहा काम, अब करेंगे आमरण अनशन



ग्वालियर(आरएनएस)। जिले की सबसे बड़ी डबरा नगर परिषद में विकास कार्यों और जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर विरोध का अनोखा तरीका देखने को मिला. नगर पालिका प्रशासन पर लगातार उपेक्षा का आरोप लगाते हुए विपक्षी पार्षदों ने नगर पालिका भवन के बाहर धरना दिया और प्रशासन को जगाने के लिए "भैंस के आगे बीन" बजाकर सांकेतिक प्रदर्शन किया. पार्षदों का कहना है कि लंबे समय से विकास कार्यों से जुड़ी फाइलें लंबित हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आमरण अनशन शुरू करेंगे. डबरा नगर परिषद की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों में हो रही देरी को लेकर विपक्षी पार्षद नगर पालिका भवन के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं. उनका आरोप है कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए कई बार मांग उठाई गई, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. धरने के दौरान पार्षदों ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया. वे एक भैंस को लेकर मौके पर पहुंचे और उसके सामने बीन बजाकर प्रदर्शन किया. साथ ही सांकेतिक रूप से भैंस को ज्ञापन भी सौंपा. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है, तो यह प्रदर्शन प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाने के लिए किया है.आंदोलन कर रहे पार्षदों का कहना है कि धरना शुरू होने के बाद से अब तक नगर पालिका का कोई अधिकारी, जनप्रतिनिधि या अध्यक्ष का प्रतिनिधि उनकी समस्याएं सुनने नहीं पहुंचा. उनका आरोप है कि जनता से जुड़े मुद्दों और विकास कार्यों की लगातार अनदेखी की जा रही है. पार्षद हरविंदर सिंह हीरा, पार्षद सुमित साहू तथा पार्षद पति और पूर्व पार्षद महाराज सिंह राजौरिया ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई फाइलें नगर पालिका में लंबित पड़ी हैं. उनका कहना है कि इन फाइलों को जल्द मंजूरी मिलनी चाहिए ताकि जनता को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें. पूर्व पार्षद एवं पार्षद पति महाराज सिंह राजौरिया ने कहा कि यदि नगर पालिका प्रशासन ने विकास कार्यों की लंबित फाइलों को मंजूरी नहीं दी और जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगले चरण में आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

## फायर ब्रिगेड से धुलवाई BJP विधायक की कार !

सिंगरौली (आरएनएस)। एमपी के सिंगरौली में बीजेपी विधायक रामनिवास शाह से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में उनके सरकारी आवास के बाहर फायर ब्रिगेड की गाड़ी से एक इनोवा कार धोई जाती दिखाई दे रही है. वीडियो सामने आने के बाद सरकारी संसाधनों के निजी इस्तेमाल को लेकर सवाल उठने लगे हैं. विपक्ष ने मामले को मुद्दा बनाते हुए जवाब मांगा है, जबकि विधायक का कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और इस संबंध में ड्राइवर से पूछा जाना चाहिए. दरअसल, उर्जाधानी सिंगरौली जिले में सामने आए इस वीडियो में फायर ब्रिगेड के कर्मचारी एक इनोवा कार पर पानी डालते नजर आ रहे हैं. बताया जा रहा है कि यह वाहन बीजेपी विधायक रामनिवास शाह का है. वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने सरकारी मशीनरी के उपयोग को लेकर सवाल उठाने शुरू कर दिए. वीडियो सामने आते ही विपक्ष ने सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा है. विपक्षी नेताओं का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड के वाहन का इस्तेमाल निजी काम के लिए किया गया है तो यह गंभीर मामला है।

## दतिया में झमाझम बारिश से जलभराव, कच्चा मकान गिरा; अंगूरी बैराज से पहूंज नदी में छोड़ा पानी

दतिया, (ए.)। मध्य प्रदेश के दतिया जिले में मंगलवार रात से मौसम ने करवट ली और करीब दो बजे शुरू हुई झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। लगातार बारिश से शहर की कई सड़कें जलमग्न हो गईं, जबकि विभिन्न कॉलोनियों में पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए अगले 24 घंटे में भारी बारिश की संभावना जताई है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मानसून के एक बार फिर सक्रिय होने से जिले में आगामी दिनों में अच्छी बारिश की संभावना जताई जा रही है। बारिश से किसानों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। हालांकि, तेज बारिश के कारण कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनने से प्रशासन ने स्थानीय लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।लगातार बारिश के चलते अंगूरी बैराज में जलस्तर बढ़ गया है। बैराज में पानी का स्तर बढ़कर 7.0 क्यूमेक्स होने के बाद पहूंज नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। जलस्तर में और वृद्धि होने पर पानी छोड़ने की अवधि बढ़ाई जा सकती है। इसे देखते हुए नदी के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को अलर्ट किया गया है। प्रशासन ने लोगों से नदी और उसके तटबंधों से दूर रहने की अपील की है। बारिश के बाद असनई रामलाल मंदिर रोड पर प्राकृतिक झरना बहने लगा है। झरने का मनमोहक दृश्य देखने और बारिश का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक यहां पहुंच रहे हैं। प्रशासन की ओर से लोगों को नदी-नालों और तेज बहाव वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान के दौरान होटल मैनेजर युवक की डूबने से मौत, जांच में जुटी पुलिस

खंडवा, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के ओंकारेश्वर स्थित गोमुख घाट पर बुधवार को नर्मदा स्नान के दौरान उज्जैन निवासी एक युवक की डूबने से मौत हो गई। वह अपने साथी के साथ उज्जैन से ओंकारेश्वर दर्शन और स्नान के लिए आया था, जहां दोनों एक होटल में मैनेजर थे। पुलिस मामले को लेकर जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार, खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे नर्मदा नदी में स्नान के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। उज्जैन निवासी 22 वर्षीय आकाश रैकवार गोमुख घाट पर नर्मदा नदी में गहरे पानी में जाने से डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के साथी कुणाल गुर्जर ने बताया कि दोनों उज्जैन के एक ही होटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। आकाश ने बुधवार तड़के करीब 3 बजे ओंकारेश्वर जाने की इच्छा जताई, जिसके बाद दोनों सुबह ओंकारेश्वर पहुँचे थे। गोमुख घाट पर स्नान के दौरान आकाश अचानक संतुलन बिगड़ने से गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसकी चीख-पुकार सुनकर स्थानीय नाविक, गोताखोर और मौजूद लोग तुरंत हरकत में आए और काफी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला।

## काम के दौरान बिगड़ी 24 वर्षीय मजदूर की तबीयत, अस्पताल में मौत

राजगढ़, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ सिविल अस्पताल में बुधवार सुबह उपचार के दौरान 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की काम करने के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपकर मर्ग कायम किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम भीलखेड़ी, थाना बोड़ा निवासी 24 वर्षीय अशोक पुत्र कमलसिंह भिलाला बुधवार सुबह काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे नरसिंहगढ़ सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया, लेकिन कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जानकारी में चिकित्सकों ने युवक की मौत का कारण हृदयाघात होना बताया है।

## इंदौर में बदहाल सड़कों पर सियासत, गड्ढे में बैठकर कांग्रेस का प्रदर्शन

इंदौर,(ए.)। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर की बदहाल सड़कों और बारिश के दौरान जलभराव व कीचड़ की समस्या को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे कार्यकर्ताओं के साथ बॉम्बे हॉस्पिटल से रिंग रोड की ओर जाने वाली सर्विस रोड पर कीचड़ से भरे गड्ढे में बैठ गए। कांग्रेस ने नगर निगम से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने और विकास कार्यों पर खर्च होने वाली राशि का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की।चिंटू चौकसे के मुताबिक, संबंधित सड़क को करीब दो साल पहले किसी निर्माण कार्य के लिए खोदा गया था, लेकिन इसके बाद इसकी समुचित मरम्मत नहीं की गई। बारिश के दौरान सड़क की स्थिति और खराब हो गई है। गड्ढों और कीचड़ के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रदर्शन से पहले खुद की कार फंसी

प्रदर्शन स्थल पर पहुंचने के दौरान चौकसे की फॉर्च्यूनर भी इसी सड़क पर कीचड़ में फंस गई। उन्होंने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में वे अन्य लोगों के साथ कार को कीचड़ से बाहर निकालने का प्रयास



करते नजर आए। चौकसे ने कहा कि जब एक बड़ी एसयूवी सड़क पर फंस रही है तो छोटे वाहनों, दोपहिया चालकों और पैदल राहगीरों की परेशानी का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में इस मार्ग से गुजरना लोगों के लिए मुश्किल हो गया है।

### महापौर और निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल

शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर के कई हिस्सों में सड़कें गड्ढों और कीचड़ से जूझ रही हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम का बजट हजारों करोड़ रुपए का है और सड़क निर्माण व मरम्मत के लिए हर वर्ष राशि का प्रावधान किया जाता है। इसके बावजूद कई इलाकों में सड़कों की स्थिति में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। चौकसे ने नगर निगम में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए पुराने मामलों का भी हवाला दिया और कहा कि केवल कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के बजाय यदि कहीं अनियमितता हुई है तो जिम्मेदार लोगों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

### खर्च का ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग

कांग्रेस ने महापौर से नगर निगम के बजट में सड़क निर्माण और मरम्मत के लिए निर्धारित राशि तथा विभिन्न कार्यों पर हुए खर्च का विवरण सार्वजनिक करने की मांग की। साथ ही बॉम्बे हॉस्पिटल से रिंग रोड की ओर जाने वाली सर्विस रोड की स्थिति का तत्काल निरीक्षण कर स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है।

कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि सड़क की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वह नगर निगम के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी।

# व्यापार समाचार

## सोना और चांदी बढ़त के साथ खुले, कच्चे तेल की कीमतों और बॉन्ड यील्ड में कमी से मिल रहा सपोर्ट

मुंबई (आरएनएस)। सोने और चांदी की शुरुआत बुधवार को तेजी के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में दोनों कीमती धातुओं में करीब आधा प्रतिशत की तेजी देखी गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 अक्टूबर का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,62,882 रुपए प्रति 10 ग्राम के मुकाबले 320 रुपए की तेजी के साथ 1,63,202 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला।

फिलहाल यह सुबह 9ः35 पर 34 रुपए की मामूली तेजी के साथ 1,62,916 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।

अब तक के कारोबार में सोने ने 1,62,855 रुपए प्रति 10 ग्राम का न्यूनतम स्तर और 1,63,202 रुपए प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर छुआ। यह दिखाता है कि सोना एक सीमित दायरे में बना हुआ है।

चांदी का 4 सितंबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,44,127 रुपए प्रति किलो के मुकाबले 1,456 रुपए की तेजी के साथ 2,45,583 रुपए प्रति किलो पर खुला।



फिलहाल यह खबर लिखे जाने तक 1,294 रुपए या 0.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,45,421 रुपए प्रति किलो पर था।

अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,45,094 रुपए प्रति किलो का न्यूनतम स्तर और 2,46,180 रुपए प्रति किलो का उच्चतम स्तर छुआ।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली। कॉमेक्स पर सोना 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,699 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 69 डॉलर प्रति औंस के करीब थी।

जानकारों के मुताबिक, सोने और चांदी में तेजी की वजह कच्चे तेल की कीमतें और बॉन्ड यील्ड का घटना है। इससे डॉलर भी कमजोर हुआ है और दोनों कीमती धातुओं को सपोर्ट मिल रहा है।

विदेशी मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओमान और ईरान हॉर्मुज स्ट्रेट को खोलने और माइन को हटाने को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का दाम 2.3 प्रतिशत घटकर 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है।

## स्पेसएक्स लुइसियाना स्पेसपोर्ट में 100 अरब डॉलर करेगी निवेश; 11,100 से अधिक नौकरियां पैदा होंगी

नई दिल्ली (ए.)। एलन मस्क के नेतृत्व वाली स्पेसएक्स ने लुइसियाना में एक बड़े स्तर की लॉन्च सुविधा बनाने के लिए 100 अरब डॉलर का निवेश करने का ऐलान किया है। लुइसियाना इकोनॉमिक डेवलपमेंट के अनुसार, प्रस्तावित स्पेसपोर्ट से अगले 10 वर्षों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 11,100 से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।स्पेसएक्स ने बताया कि 'स्टारबेस लुइसियाना' नाम से बनाई जाने वाली यह सुविधा उसके स्टारशिप अंतरिक्ष यान के लिए उच्च-आवृत्ति वाली लॉन्च साइट होगी और इसे वर्मिलियन पैरिश में बनाया जाएगा।इसके अलावा, मस्क ने 'एक्स' पर कहा कि इसमें एक दर्जन से अधिक लॉन्च टावर होंगे। इससे प्रतिदिन 30 से अधिक स्टारशिप उड़ानों को संभव बनाया जा सकेगा और इससे यह पृथ्वी की सबसे बड़ा लॉन्च साइट बन जाएगी।

## WhatsApp पर आ गए 3 धांसू सिक्योरिटी फीचर्स, तुरंत जान लें कैसे सुरक्षित रहेगा आपका अकाउंट

नई दिल्ली (आरएनएस)। मेटा के स्वामित्व वाले दुनिया के सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप ने अपने करोड़ों यूजर्स की प्राइवेसी और सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए नए और बेहद एडवांस




सिक्योरिटी फीचर्स पेश किए हैं। इन नए अपडेट्स के तहत अब यूजर्स को एक ही व्हाट्सएप अकाउंट के लिए कई पासकी (Passkeys) जोड़ने, बेहद मजबूत टू-स्टेप वेरिफिकेशन सेट करने और अनजान नंबरों से आने वाली फ्रॉड कॉल्स की पहचान करने जैसी कई अहम सुविधाएं मिलेंगी। कंपनी का दावा है कि इन नए फीचर्स के आने के बाद ऑनलाइन स्कैम, फ्रॉड और अकाउंट हैकिंग जैसी वारदातों पर काफी हद तक लगाम लगेगी।

### एक ही अकाउंट पर अब जोड़ सकेंगे कई पासकी

व्हाट्सएप के अनुसार, दुनियाभर में 1 अरब से ज्यादा एक्टिव यूजर्स पहले से ही पासकी फीचर का इस्तेमाल कर रहे हैं। पासकी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि दोबारा लॉग इन करते समय आपको किसी भी तरह का वेरिफिकेशन कोड या ओटीपी डालने की जरूरत नहीं होती, बल्कि फिंगरप्रिंट, फेस आईडी या स्क्रीन लॉक के जरिए तुरंत सुरक्षित लॉग इन हो जाता है। अब नए अपडेट में कंपनी ने इसे और विस्तार देते हुए मल्टी-डिवाइस पासकी सपोर्ट दिया है। जिन यूजर्स के पास एंड्रॉयड और आईफोन (iOS) दोनों डिवाइस हैं, वे एक ही व्हाट्सएप अकाउंट के लिए एक से ज्यादा पासकी आसानी से जोड़ सकेंगे। इसके लिए यूजर्स को सेटिंग्स में जाकर अकाउंट और फिर पासकीज वाले विकल्प पर जाना होगा।

### 6 अंकों के पिन की छुट्टी, अब बनेगा अक्षरों और स्पेशल कैरेक्टर वाला मजबूत पासवर्ड

अकाउंट की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए व्हाट्सएप ने अपने टू-स्टेप वेरिफिकेशन सिस्टम में भी बड़ा बदलाव किया है। पहले जहां यूजर्स को सिर्फ 6 अंकों का संख्यात्मक पिन सेट करने की छूट थी, वहीं अब यूजर्स अक्षर (Alphabet), अंक (Numbers) और स्पेशल कैरेक्टर को मिलाकर एक बेहद जटिल और मजबूत पासवर्ड बना सकेंगे। इससे साइबर अपराधियों और हैकर्स के लिए किसी भी अकाउंट के पासवर्ड का अनुमान लगाना नामुमकिन सा हो जाएगा। कंपनी ने यूजर्स को 123456 जैसे आसान और कमजोर पिन का इस्तेमाल बिल्कुल न करने की सख्त सलाह दी है।

### अनजान नंबर से कॉल आते ही स्क्रीन पर खुलेगी पूरी पोल

अक्सर देखा गया है कि साइबर ठग अनजान नंबरों से कॉल करके यूजर्स पर जल्दबाजी में फैसले लेने का दबाव बनाते हैं। इससे निपटने के लिए व्हाट्सएप अब अनसेव्ड (अनजान) नंबरों से कॉल आने पर स्क्रीन पर ही कई जरूरी जानकारियां दिखाएगा। एंड्रॉयड यूजर्स को कॉल आने के दौरान ही यह साफ दिख जाएगा कि कॉल करने वाला नंबर किस देश का है और क्या वह कॉलर आपके साथ किसी कॉमन व्हाट्सएप ग्रुप में पहले से जुड़ा हुआ है या नहीं। इस महत्वपूर्ण जानकारी से यूजर आसानी से तय कर पाएंगे कि उन्हें वह अनजान कॉल उठानी चाहिए या सीधे ब्लॉक कर देना चाहिए।

## अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना भारत

नई दिल्ली (आरएनएस) । भारत और अर्जेंटीना के बीच व्यापारिक संबंध हाल के समय में मजबूत हुए हैं। भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कॉसिनो की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, 2026 के सात महीनों के अंदर दोनों देशों के बीच व्यापार 41 करोड़ 27 लाख 87 हजार 370 रुपए तक पहुंच गया है।

राजदूत मारियानो कॉसिनो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, अर्जेंटीना हाल के सालों के व्यापार को जारी रखते हुए भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंध को मजबूत कर रहा है। 2026 के पहले सात महीनों के दौरान भारत हमारे देश का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया, जो जनवरी-जुलाई 2026 के बीच 4.335 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

इससे पहले उन्होंने समाचार एजेंसी एजेंसी आईएएनएस के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत के दौरान कहा था कि भारत-अर्जेंटीना की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक हैं। द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के बाद दोनों देश अलग-अलग लक्ष्यों को हासिल करने के लिए काम जारी रखे हुए हैं।

दरअसल, सोमवार को नई दिल्ली में जनरल जोस डी सैन मार्टिन को श्रद्धांजलि देने और उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर उन्होंने कहा था, दोनों देशों के बीच संबंध बहुत अच्छे हैं। अर्जेंटीना और भारत छह अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के व्यापारिक संबंध का आनंद ले रहे हैं। हम (भारत-अर्जेंटीना) बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। दोनों अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक हैं।

उन्होंने बताया कि अर्जेंटीना मर्कोसुर का संस्थापक सदस्य है और अधिमान्य व्यापार समझौते (पीटीए) के विस्तार के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने पर सदस्यों के बीच आम सहमति है।

## अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने महाराष्ट्र में 4,700 करोड़ रुपए का ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट जीता

अहमदाबाद ,(ए.) ,। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने बुधवार को ऐलान किया कि उसने कर्नाटक में पैदा होने वाली 4,500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा को महाराष्ट्र के प्रमुख बिजली खपत केंद्रों तक पहुंचाने के लिए 4,700 करोड़ रुपए का ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट हासिल की है।

यह प्रोजेक्ट सतारा, पुणे और मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में तेजी से विकसित हो रहे पंप्ड स्टोरेज सिस्टम को भी सहयोग प्रदान करेगा।

कंपनी के बयान के अनुसार, यह प्रोजेक्ट टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के जरिए हासिल किया गया है, जिसमें एईएसएल सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी रही।

एईएसएल के सीईओ कंदर्प पटेल ने कहा, पंप्ड स्टोरेज परियोजनाएं भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभर रही हैं। ये बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड में शामिल करने के लिए जरूरी लचीलापन और विश्वसनीयता प्रदान करती हैं।

उन्होंने कहा कि सतारा ट्रांसमिशन परियोजना नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी और




ऊर्जा भंडारण के विस्तार, दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार करेगी। इससे दक्षिणी और पश्चिमी भारत के बीच बिजली के प्रवाह को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) सतारा पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के तहत इस प्रोजेक्ट को 36 महीनों के भीतर पूरा किया जाएगा।

कंपनी के अनुसार, प्रोजेक्ट के तहत एईएसएल के पोर्टफोलियो में 562 सर्किट किलोमीटर (सीकेएम) ट्रांसमिशन लाइनें और 9,000 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता जुड़ जाएगी। इसके बाद कंपनी का कुल ट्रांसमिशन नेटवर्क बढ़कर 29,739 सीकेएम और ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता 1,43,425 एमवीए हो जाएगी।

पटेल ने कहा, एईएसएल भविष्य के लिए तैयार ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार को सक्षम बनाए, ग्रिड की स्थिरता बढ़ाए और भारत के दीर्घकालिक डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को समर्थन दे।

इस परियोजना में सतारा में 765/400 केवी सबस्टेशन की स्थापना, कोल्हापुर-सतारा 765 केवी डबल-सर्किट ट्रांसमिशन लाइन और संबंधित ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ कोल्हापुर पूलिंग स्टेशन का विस्तार शामिल है।

भारत 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

इसी के तहत एईएसएल ऐसे विशेष ट्रांसमिशन नेटवर्क विकसित कर रही है, जो सौर, पवन और पंप्ड स्टोरेज जैसे नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों वाले क्षेत्रों को देश के प्रमुख औद्योगिक और शहरी बिजली खपत केंद्रों से जोड़ते हैं।

सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## ट्रंप काल में कई बातें उजागर

अडानी धन की ताकत से वे अमेरिका में भी बरी हो गए हैँ। मगर इस क्रम में यह भी साफ हुआ है कि अमेरिकी न्याय व्यवस्था कैसे काम करती है और उस पर धन का कितना प्रभाव है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश निकोलस गरौफिस ने अडानी समूह के खिलाफ घूस देने और धोखाधड़ी के आपराधिक मुकदमे को खारिज करने पर यह कहते हुए सहमति दे दी कि 'संघीय अभियोजकों के निर्णय की समीक्षा करने का जज के पास सीमित अधिकार' है। लेकिन उन्होंने डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के न्याय विभाग के इस निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए लिखा- अभियोग खारिज करने के निर्णय में बरती गई अनियमितताएं चिंताजनक हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि न्याय विभाग ने सामान्य से हटकर अलग प्रक्रिया अपनाई। जज ने खासकर न्याय विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ट्रेंट मैक्कॉटर की आलोचना कड़ी की है। कहा- मैक्कॉटर ने विभिन्न संघीय कार्यालयों के अनगिनत अधिकारियों और विशेषज्ञों की पेशेवर राय को नजरअंदाज कर दिया। जज ने बेलाग इस पर रोशनी डाली कि न्याय विभाग ने यह फैसला अडानी के वकीलों के साथ मिलकर लिया, जबकि अमेरिकी जांच एजेंसियों- एफबीआई और एसईसी, इस केस को दर्ज करने वाले अभियोजकों तथा अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय की कोई सलाह नहीं ली गई ।जज ने इसे अत्यंत असामान्य बताया है। इससे पहले जब न्याय विभाग ने केस वापस लेने का शुरुआती अनुरोध भेजा, तो जज ने उसे कमजोर, सतही और अस्पष्ट तर्कों पर आधारित बताया था। तब कोर्ट ने न्याय विभाग से मामले को खारिज करने के ठोस कारण मांगे थे। अब अंतिम फैसले में न्यायाधीश ने जो कहा है, उससे साफ है कि न्याय विभाग उन्हें संतोषजनक जवाब भेजने में नाकाम रहा। उसने स्पष्ट नहीं किया कि अडानी समूह के किन शर्तों पर राजी होने के बाद ट्रंप प्रशासन ने उपरोक्त फैसला लिया। इसके पहले अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग द्वारा दर्ज कराए गए के मुकदमे में गौतम अडानी 60 लाख और उनके भतीजे सागर एक करोड़ 20 लाख डॉलर का भुगतान करने पर राजी हुए थे। इस तरह धन की ताकत से वे अमेरिका में भी बरी हो गए हैँ। मगर इस क्रम में अमेरिकी न्याय व्यवस्था कैसे काम करती है और उस पर धन का कितना प्रभाव है, यह साफ हुआ है। ट्रंप काल में ऐसी कई बातें उजागर हो रही हैं, जो जिन पर पहले परदा पड़ा रहता था।

# राखी का दिन एक है, रिश्ते की जरुरत हर दिन

## राखी रिश्ते की याद या जिम्मेदारी का धागा राखी वही रही, मगर 'अपना' होने का अर्थ बदल गया

कृति आरके जैन

राखी को हम भाई-बहन के स्नेह का त्योहार कहते हैं, लेकिन इससे जुड़ी 'रक्षा' की धारणा पर ठहरकर सोचने की जरूरत है। बहन कलाई पर धागा बाँधती है और भाई उसकी रक्षा का वचन देता है। पर जीवन की सच्चाई इससे कहीं व्यापक है। कोई धागा न महँगाई रोक सकता है, न नौकरी की चिंता मिटा सकता है, न कठिन समय में साथ खड़ा हो सकता है। असली सुरक्षा रस्म से नहीं, व्यवहार से मिलती है। फिर भी यह परंपरा हर साल दोहराई जाती है, क्योंकि रिश्तों में कुछ भाव तर्क से नहीं, स्मृतियों और परंपराओं से जीवित रहते हैं। सवाल बस इतना है—आज हमारे जीवन में इस परंपरा का अर्थ कितना बचा है?

समय के साथ राखी भी बदल गई है। कभी सादा सूती धागा ही पर्याप्त था, आज बाजार में चमकदार, क्रिस्टल और रोशनी वाली राखियों से लेकर वर्चुअल राखी तक मौजूद है। बाजार ने भावनाओं को भी सजाकर बेचने का हुनर सीख लिया है। बहन राखी खरीदती है, भाई उपहार देता है और रस्म पूरी हो जाती है। इसमें बुराई नहीं, पर जब महँगी वस्तु प्रेम की कसौटी बन जाए, तब रिश्ते का अर्थ खोने लगता है। आखिर रिश्तों का मोल राखी की कीमत से नहीं, उसमें बँधे अपनत्व से तय होता है। सादा धागा भी उतना ही अनमोल है, यदि उसमें स्नेह जीवित हो।राखी के साथ जुड़ी 'भाई रक्षक, बहन संरक्षित' की धारणा अब उतनी सहज नहीं रही। आज बहनें पढ़ती हैं, नौकरी करती हैं, कारोबार सँभालती हैं और परिवार के बड़े फैसलों में बराबर की भागीदार हैं। कई बार वही भाई की मुश्किल में ढाल बनती हैं—पैसे, सलाह और जिम्मेदारी, हर मोर्चे पर। ऐसे में केवल भाई द्वारा बहन की रक्षा का वचन रिश्ते की पूरी तस्वीर नहीं दिखाता। भाई का साथ जरूरी है, तो बहन का सहारा भी उतना ही मूल्यवान है। दोनों एक-दूसरे की ताकत हैं। राखी का अर्थ भी इसी पारस्परिक सहारे और बराबरी तक पहुँचना शायद समय की सबसे स्वाभाविक पुकार है।राखी का सार्वजनिक और राजनीतिक इस्तेमाल अब आम हो चुका है। नेता महिलाओं से राखी बँधवाकर सुरक्षा का वादा करते हैं; तस्वीरें खिंचती हैं, खबरें बनती हैं और कुछ समय के लिए गंभीरता का आभास भी होता है। लेकिन महिला की सुरक्षा किसी समारोह की मोहताज नहीं—उसे कानून, व्यवस्था, सम्मान और रोजमर्रा के आचरण का सहारा चाहिए। कलाई पर बँधा धागा तभी अर्थवान है, जब उससे जुड़ा वादा व्यवहार में उतरे। केवल रस्म निभा लेने से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती। जब परंपरा प्रदर्शन बन जाती है, तो उसका भाव गहरा होने के बजाय कई बार खोखला पड़ जाता है। आज की बहन से यह कहना कि उसे हर समय किसी पुरुष की सुरक्षा चाहिए, उसके



बदलते जीवन को नकारना है। आत्मनिर्भरता भी सुरक्षा की एक मजबूत जमीन है। इसका अर्थ भाई की जरूरत खत्म होना नहीं, बल्कि रिश्ते को एकतरफा संरक्षण से आगे ले जाना है। भाई बहन के फैसलों का सम्मान करे और बहन भी भाई की मुश्किलों में उसके साथ खड़ी हो—यही रिश्ते की असली बराबरी है। इसलिए जब बहन हँसते हुए कहती है, अब तुम्हारी रक्षा मेरी जिम्मेदारी है, तो इस मजाक में गहरी सच्चाई छिपी है। रिश्ता तभी मजबूत होता है, जब चिंता और सहारा दोनों तरफ से हों। परंपरा का बदलना, उसका मिटना नहीं; उसे समय के साथ नया अर्थ देना है।दूरियों ने राखी का रूप बदल दिया है। अब राखी डाक से, उपहार ऑनलाइन, पैसे यूपीआई से और त्योहार वीडियो कॉल पर मनाया जाता है। तकनीक ने फासलों के बावजूद रस्म निभाना आसान कर दिया है। अपनापन घटा या बढ़ा, इसका कोई सीधा हिसाब नहीं। स्क्रीन पर हुई बातचीत भी आत्मीय हो सकती है, बशर्ते रिश्ते में गर्माहट हो। मगर कई बार राखी संदेश, लेन-देन और औपचारिकता तक सिमट जाती है। समय की कमी ने रस्मों पर निर्भरता बढ़ाई है, पर याद रहे—रस्म दूरी पाट सकती है, रिश्ता नहीं बना सकती।शायद राखी की सबसे सच्ची तस्वीर उस एक दिन में दिखती है, जब भाई-बहन पुरानी नाराजगियाँ कुछ देर किनारे रख देते हैं। सालभर संपत्ति, जिम्मेदारियों, पैसों और पारिवारिक मतभेदों से मनमुटाव हो सकता है, फिर भी राखी पर वही लोग साथ बैठते हैं, मिठाई बाँटते हैं और पुरानी बातों पर हँस लेते हैं। यह कोई स्थायी समाधान नहीं, लेकिन रिश्ते को टूटने से बचाने वाली एक छोटी कोशिश जरूर है। इसलिए राखी केवल रिश्ते की मजबूती का प्रमाण नहीं, बल्कि यह याद भी है कि संबंधों को समय-समय पर संवाद, स्मृति और क्षमा की जरूरत होती है। कलाई का धागा इसी जरूरत की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है। शायद राखी की असली खूबसूरती किसी एक वचन में नहीं, उस एहसास में है कि जीवन चाहे जितनी दूरियाँ और मुश्किलें सामने रखे, भाई-बहन एक-दूसरे के लिए बने रहें। बहन को कमजोर समझकर सुरक्षा देना और भाई को केवल रक्षक मान लेना, इस रिश्ते को छोटा कर देता है। सच्चा रिश्ता वह है जिसमें दोनों अपने फैसलों और जीवन में स्वतंत्र हों, फिर भी एक-दूसरे की जरूरत को बिना कहे समझें और कठिन समय में साथ खड़े हों। यही राखी की डोर का गहरा अर्थ है—कलाई पर बँधा छोटा-सा धागा, जो याद दिलाता है कि रिश्ते सुरक्षा के वादों से नहीं, उस भरोसे से मजबूत होते हैं जो मुश्किल वक्त में हाथ थाम लेता है।

## सो, जब विवाद चरम पर था, तब चुप्पी थी

हरिशंकर व्यास

चिड़ियां खेत चुग गईं और कल, शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, चिड़ियों को भी चुगने का अधिकार है इतना ही नहीं वे आंख मूंदकर 'जेन-ज़ी' पर भरोसा करने की बात कर रहे थे। तब प्रश्न है कि सात अगस्त 2026 को मोहन भागवत कहां थे, जब संसद मार्ग पर बच्चे-बच्चियों पर लाठियां बरस रही थीं, पैलेट गन के छर्रे दागे जा रहे थे या फिर 15 मई 2026 को वे किस मन:स्थिति में थे, जब सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने दिल्ली हाई कोर्ट के वकीलों को फटकारते हुए देश के ही कुछ नागरिकों को 'परजीवी' और 'कॉकरोच' जैसी श्रेणियों में रख दिया? ध्यान रहे, उस दिन मुख्य न्यायाधीश दिल्ली हाई कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता नामांकन प्रक्रिया में कथित देरी और उससे जुड़े विवाद पर सुनवाई कर रहे थे। याचिकाकर्ताओं की पीड़ा यह थी कि वरिष्ठ पदनाम देने की प्रक्रिया में योग्यता की बजाय पक्षपात और पसंद-नापसंद हावी है। लेकिन उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें यह सुनना पड़ा, "समाज में कुछ परजीवी हैं, जो व्यवस्था पर हमला करते हैं। उन्हें रोज़गार नहीं मिलता और पेशेवर ज़िंदगी में कोई जगह नहीं मिलती। उनमें से कुछ मीडिया बन जाते हैं, कुछ सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं, कुछ आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर हर किसी पर हमला शुरू कर देते हैं" ।संघ परिवार स्वयं को सांस्कृतिक और नैतिक नेतृत्व का ठेकेदार बताता है। यदि ऐसा है तो उसके प्रमुख के नाते मोहन भागवत का दायित्व बनता था कि वे इस भाषा पर तत्काल आपत्ति दर्ज कराते। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से कहते कि या तो इस शब्दावली पर सार्वजनिक खेद व्यक्त कराया जाए, या स्वयं प्रधानमंत्री स्पष्ट करें कि इस देश में कोई भी नागरिक "कॉकरोच" नहीं है।

## कविता

### संजीवनी।

### पृथ्वी मनुष्य से ज्यादा संवेदनशील।

*पृथ्वी ने हल्की बारिश कीबूंदों के संग*
*फिर बिना कुछ कहेहरियाली की चादर ओढ़ ली ।*
*दुब ने नन्हे नन्हे अक्षरों में बारिश में*
*अपनी ताजगी लिख दी ।*
*स्नेहिल हवाकिसी हरे पत्ते से निकलकर*
*धीरे-धीरेमेरे समीप चली आई,*
*उसकी खुशबू मेंमिट्टी का वही पुराना घर ,*
*जहाँ माँधूप को भी पल्लू की तरह सहेजकर रखती ।*
*एक पत्ती हिली,तो लगा किसी ने बहुत धीरे से*
*माँ की लोरी सुनाई ।*
*नदीअपने बहने कीकोमलता से नहीं,*
*किनारे के प्लावन सेपहचानी जाती ।*
*दूर मुस्कुराता पेड़ अपने भीतर*
*चंचल चिड़ियों केकलरव की सुबह संभाले हुए ।*
*धरा परहरियाली केवल रंग नहीं,वह दिल का वह हिस्सा*
*जहाँ थकान आकरसुकून पाती ।*
*मैंनेएक शीतल साँस ली,तो लगा*
*पूरी हरयाली मेरे भीतर समा गई ।*
*तब समझ में आया ताज़ी बहती बयार की खुशबू*
*किसी फूल की नहीं वह उस भरोसे की है*
*जिसमे पृथ्वी मनुष्य से अधिकसंवेदनशील है।*

*संजीव ठाकुर*

# श्रम और कौशल विहीन शिक्षा पद्धति तकनीकी शिक्षा का अभाव।

संजीव ठाकुर

शिक्षा का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर सोचने, करने और समाज के लिए उपयोगी बनने की क्षमता पैदा करना है। महात्मा गांधी की नई तालीम का मूल विचार इसी दिशा में था कि शिक्षा जीवन और श्रम से जुड़ी हो। आज जब भारत दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देशों में है, तब यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारी शिक्षा युवाओं को केवल डिग्री दे रही है या उनके हाथों में ऐसा कौशल भी दे रही है जिससे वे सम्मानजनक रोजगार प्राप्त कर सकें और स्वयं रोजगार पैदा कर सकें ।भारत में शिक्षा का विस्तार निस्संदेह हुआ है। गांव-गांव विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय पहुंचे हैं। उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। लेकिन इसके साथ एक गंभीर समस्या भी सामने आई है डिग्री और रोजगार के बीच बढ़ती दूरी। बड़ी संख्या में युवा स्नातक और स्नातकोत्तर होने के बाद भी रोजगार के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की लंबी कतार में खड़े दिखाई देते हैं। शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश स्वयं एक पूर्णकालिक काम बन जाती है ।यह कहना उचित नहीं होगा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था केवल बेरोजगार पैदा करती है, क्योंकि शिक्षा ने देश को वैज्ञानिक, चिकित्सक, अभियंता, शिक्षक, प्रशासक, उद्यमी और असंख्य विशेषज्ञ भी दिए हैं। समस्या अधिक गहरी है। शिक्षा का बड़ा हिस्सा अभी भी ज्ञान, परीक्षा और प्रमाणपत्र के इर्द-गिर्द घूमता है, जबकि आधुनिक अर्थव्यवस्था को ज्ञान के साथ कौशल, तकनीक, अनुभव और समस्या-समाधान की क्षमता चाहिए।

डिग्री बनाम दक्षता

आज किसी युवक के पास बीए, बीकॉम, बीएससी या एमए की डिग्री हो सकती है, लेकिन यदि उसके पास कंप्यूटर, डिजिटल तकनीक, मशीन संचालन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि-तकनीक, लेखांकन, डिजाइन, डेटा विश्लेषण, स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, मरम्मत, संचार अथवा किसी अन्य रोजगारपरक क्षेत्र की व्यावहारिक दक्षता नहीं है तो उसकी डिग्री रोजगार की गारंटी नहीं देती। यही वह बिंदु है जहां शिक्षा व्यवस्था को अपने पुराने ढांचे पर पुनर्विचार करना होगा।डिग्री शिक्षा का अंत नहीं, रोजगार और जीवन की क्षमता का आरंभ होनी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने इसी समस्या को पहचानते हुए व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा में लाने, विद्यालय स्तर से कौशल शिक्षा देने और उद्योग के साथ शिक्षा संस्थानों के संबंध मजबूत करने की दिशा निर्धारित की है। नीति में 2025 तक कम-से-कम 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा का अनुभव देने का लक्ष्य रखा गया था। आवश्यकता अब लक्ष्य निर्धारित करने से आगे बढ़कर उसकी प्रभावी जमीन तैयार करने की है।

महात्मा गांधी की नई तालीम से सीख

महात्मा गांधी शिक्षा को हाथ, दिमाग और हृदय तीनों के विकास से जोड़ते थे। उनकी बुनियादी शिक्षा में उत्पादनकारी कार्य और शिक्षा का संबंध महत्वपूर्ण था। इसका अर्थ यह था कि विद्यार्थी केवल किताब से नहीं, काम करते हुए भी सीखता है। आज इस विचार को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने की आवश्यकता है।कक्षा छह या आठ से ही विद्यार्थियों को स्थानीय अर्थव्यवस्था और भविष्य के रोजगार से परिचित कराया जा सकता है। कोई बच्चा कृषि-तकनीक सीखे, कोई सौर ऊर्जा, कोई इलेक्ट्रॉनिक्स, कोई ड्रोन संचालन, कोई कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, कोई बढ़ईगीरी, कोई खाद्य प्रसंस्करण, कोई स्वास्थ्य-सहायता, कोई डिजिटल डिजाइन और कोई स्थानीय हस्तशिल्प। इससे काम करने और छोटा-बड़ा काम जैसी सामाजिक धारणाओं को भी बदलना होगा। श्रम की प्रतिष्ठा शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बननी चाहिए।

**डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और शिक्षा का व्यापक उद्देश्य**

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्त करने का साधन नहीं मानते थे। उनके लिए शिक्षा व्यक्ति के बौद्धिक और नैतिक विकास का माध्यम थी। इसलिए रोजगारपरक शिक्षा का अर्थ केवल मशीन चलाना या कंप्यूटर सीखना नहीं होना चाहिए।

युवा को तकनीकी कौशल के साथ चरित्र, अनुशासन, संवेदना, संवाद-कौशल, नागरिक चेतना और नैतिकता भी चाहिए।


हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो कहे—

कमाओ भी, सोचो भी; बनाओ भी, समाज को समझो भी।

पेपर लीक : व्यवस्था के विश्वास पर चोट

प्रतियोगी परीक्षाओं का संकट इस समस्या को और गंभीर बनाता है। जब लाखों युवा वर्षों तक एक परीक्षा की तैयारी करते हैं और फिर प्रश्नपत्र लीक, नकल या अन्य अनियमितताओं के कारण परीक्षा प्रभावित होती है, तो नुकसान केवल एक परीक्षा का नहीं होता—युवा का समय, पैसा, मानसिक ऊर्जा और व्यवस्था पर विश्वास भी प्रभावित होता है।अगस्त 2026 में बिहार में भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक और अनियमितताओं को लेकर छात्रों का विरोध फिर सामने आया। इसी वर्ष संसद में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकने से संबंधित संशोधन विधेयक भी पारित हुआ, जिसका उद्देश्य परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाना है।इसलिए परीक्षा सुधार केवल कड़ी सजा का विषय नहीं है। परीक्षा-प्रणाली में तकनीकी सुरक्षा, विकेंद्रीकृत प्रश्नपत्र निर्माण, एन्क्रिप्टेड डिजिटल वितरण, सुरक्षित प्रिंटिंग, सीसीटीवी, डिजिटल ऑडिट और जवाबदेही की पूरी श्रृंखला आवश्यक है।लेकिन उससे भी बड़ी जरूरत यह है कि सरकारी नौकरी को ही सफलता का एकमात्र पर्याय न बनाया जाए।

जर्मनी की वोकेशनल एजुकेशन एंड प्लैनिंग प्रणाली भारत के लिए उपयोगी उदाहरण हो सकती है। वहां विद्यार्थी व्यावसायिक विद्यालय में सैद्धांतिक शिक्षा प्राप्त करने के साथ कंपनियों में व्यावहारिक प्रशिक्षण लेते है जर्मनी में ऊपरी माध्यमिक स्तर के लगभग एक-तिहाई विद्यार्थी व्यावसायिक कार्यक्रमों में होते हैं और अधिकांश अप्रेंटिसशिप आधारित व्यवस्था में प्रवेश करते हैं।




मेष राशि: आज पूरा दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आप किसी नए कार्य की शुरुआत करेंगे, जिसमें जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। सामाजिक गतिविधियों में रुझान बढ़ेगा। फाइनेंस से जुड़े सारे काम समय पर निपटा लेंगे। इस राशि की महिलाएं घर से ही किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकती हैं, जिसमें परिवार का पूरा सपोर्ट रहेगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप अपने सपनों को पूरा करने के लिए कंफर्ट जोन से बाहर निकलेंगे और अपनी जीवनशैली में बदलाव करेंगे। किसी चीज को बिना जाने-समझे फैसला करने से बचें। करियर को लेकर थोड़ी उलझन हो सकती है, लेकिन किसी समझदार व्यक्ति का साथ मिलने से राहत मिलेगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस राशि के बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे, जिससे टेस्ट में अच्छे अंक प्राप्त होंगे। परिवार के साथ बैठकर एन्जॉय करेंगे, जिससे खुशी मिलेगी।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहने वाला है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है, जिससे मन शांत रहेगा। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं, जहाँ आनंद की एक अलग अनुभूति होगी। दूसरों की राय लेकर ही काम की शुरुआत करें, सफलता तय है। ऑफिस में सावधानी बरतने की आवश्यकता है, एक गलत कदम उलझन में डाल सकता है। दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी करीबी से शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे दिन बन जाएगा। बच्चों का मनोबल बनाए रखने में सहयोग करेंगे। कर्मचारियों की मदद से बिजनेस की गतिविधियां ठीक तरह से चलती रहेंगी।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए खुशनुमा बना रहेगा। व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो उम्मीद से अधिक फायदा कराएगी। घर में परिवारजनों के साथ नवीनीकरण व साज-सज्जा को लेकर विचार-विमर्श होगा।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। सरकारी कामों में समझदार व्यक्ति से राय मिलेगी, जिससे काम आसान हो जाएगा। आपका व्यक्तित्व व रहन-सहन के प्रति सजग रहना लोगों के बीच आकर्षण का कारण बनेगा। समाज में छवि निखरेगी।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस में सोच-समझकर निर्णय लेने की आवश्यकता है। जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकते हैं, जिससे हल्का महसूस होगा। ऑफिस में सबके बीच सामंजस्य बनाकर रखेंगे। घर पर अचानक रिश्तेदार का आगमन होगा, जिससे चहल-पहल बनी रहेगी।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए उत्साह से परिपूर्ण रहेगा। रोजगार की तलाश खत्म होगी, पार्टनरशिप में किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं। समय दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ बीतेगा, जिससे रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। किसी समारोह में जाने का अवसर मिल सकता है।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। कड़ी मेहनत से हासिल करने की कोशिश की गई चीज़ें पाने में सफल रहेंगे। व्यावसायिक योजना बनाने में सफल रहेंगे, जिससे आगे अच्छा लाभ होगा। अपने खर्चों पर नजर रखने की जरूरत है।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए आशाजनक बना रहेगा। आर्थिक रूप से समृद्ध रहेंगे और दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। बातचीत के दौरान शब्दों का सही चयन करें, जिससे रिश्ते अच्छे बने रहें। इस राशि के लेखक अपनी पुस्तक का लोकार्पण कर सकते हैं, जिसे खूब पसंद किया जाएगा। बच्चे पढ़ाई के साथ खेल-कूद में भी मन लगाएंगे।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई योजनाएं बनाएंगे, जिसमें कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। ऑफिस के प्रोजेक्ट को बहुत अच्छे से पूरा करेंगे, जिससे बॉस खुश होकर प्रमोशन दे सकते हैं। खेल-कूद में रुचि रखने वाले छात्रों को प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

# धान की फसल में कीट प्रकोप से बचाव के लिए किसान रहें सतर्क

### तना छेदक और पत्ती मोड़क कीट की समय पर पहचान कर करें नियंत्रण, अधिक उर्वरक और जलभराव से बचने की सलाह


धान की फसल में तना छेदक एवं पत्ती मोड़क कीट के प्रकोप को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को सतर्क रहने और फसल की नियमित निगरानी करने की सलाह दी है। विभाग ने कहा है कि कीटों के शुरुआती लक्षणों की समय पर पहचान कर उचित नियंत्रण उपाय अपनाने से फसल को होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। खेतों में आवश्यकता से अधिक उर्वरकों का उपयोग तथा लंबे समय तक अधिक जलभराव रहने से इन कीटों का प्रकोप बढ़ सकता है, इसलिए किसान संतुलित उर्वरक उपयोग और उचित जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें।

### तना छेदक कीट से फसल को पहुंचता है नुकसान

तना छेदक धान की फसल को नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख कीटों में शामिल है। प्रारंभिक अवस्था में इसके प्रकोप की पहचान करना आसान है। प्रभावित पौधों की पत्तियां पीली पड़ने लगती हैं। पौधे के तने के निचले हिस्से में छोटे-छोटे छेद दिखाई देते हैं तथा मुख्य तना अंदर से खोखला हो जाता है।

### बालियां सफेद पड़ना गंभीर प्रकोप का संकेत

तना छेदक का प्रकोप बढ़ने पर धान की बालियां सफेद होकर पूरी तरह सूख जाती हैं। इससे पौधे में दाने बनने की प्रक्रिया प्रभावित होती है और उत्पादन में कमी आ सकती है। इसलिए खेत में यदि कुछ पौधों की पत्तियां अचानक पीली पड़ती दिखाई दें या तने में छेद नजर आएं, तो किसान तुरंत फसल का निरीक्षण कर आवश्यक नियंत्रण उपाय अपनाएं।



### तना छेदक के नियंत्रण के लिए अनुशंसित छिड़काव

कृषि विभाग ने तना छेदक की रोकथाम के लिए क्लोरोसाइपर (क्लोरपाइरीफास 50 प्रतिशत + साइपरमेथ्रिन 5 प्रतिशत) का 50 मिलीलीटर प्रति स्प्रेयर की दर से छिड़काव करने की सलाह दी है।

### पत्ती मोड़क कीट की पहचान भी जरूरी

धान की फसल में पत्ती मोड़क कीट भी नुकसान पहुंचा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे 'सांवा कीट' के नाम से भी जाना जाता है। इस कीट की हरी इल्ली धान की पत्तियों को मोड़कर उनके अंदर छिप जाती है और पत्तियों के हरे भाग को खाती है।

### पत्तियों पर सफेद एवं पारदर्शी धारियां दिखाई देना प्रमुख लक्षण

पत्ती मोड़क कीट के प्रकोप के बाद पत्तियों पर सफेद एवं पारदर्शी धारियां दिखाई देने लगती हैं। पत्तियों का हरा भाग नष्ट होने से पौधे की प्रकाश संश्लेषण क्षमता प्रभावित होती है। खेत में ऐसी पत्तियां दिखाई देने पर किसान फसल का सावधानीपूर्वक निरीक्षण करें और शुरुआती अवस्था में ही नियंत्रण उपाय अपनाएं।

### पत्ती मोड़क के नियंत्रण के लिए ये विकल्प

कृषि विभाग ने पत्ती मोड़क कीट के नियंत्रण के लिए किसानों को क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5 प्रतिशत एससी का 6 से 10 मिलीलीटर प्रति स्प्रेयर अथवा एमामेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत एसजी का 8 से 10 ग्राम प्रति स्प्रेयर की दर से छिड़काव करने की सलाह दी है।

### अधिक उर्वरक और जलभराव से बचें

कृषि विभाग के अनुसार खेत में आवश्यकता से अधिक उर्वरकों का उपयोग करने तथा लंबे समय तक अधिक पानी भरा रहने से कीटों के प्रकोप की स्थिति बन सकती है। किसान फसल की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें और खेत में जलभराव की स्थिति न बनने दें। नियमित रूप से खेत का निरीक्षण करने से कीटों की शुरुआती पहचान और समय पर नियंत्रण संभव होगा।

### समय पर पहचान और नियंत्रण से सुरक्षित रहेगी फसल

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि धान की फसल में कीट प्रकोप के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करें। खेतों में नियमित निगरानी रखें और पत्तियों के पीला पड़ने, तने में छेद होने, बालियां सफेद पड़ने अथवा पत्तियों पर सफेद-पारदर्शी धारियां दिखाई देने पर तत्काल उचित नियंत्रण उपाय अपनाएं। समय पर की गई कार्रवाई से फसल को होने वाले नुकसान को कम करने के साथ बेहतर उत्पादन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।



## टीएमसी के 20 बागी सांसदों पर शिकंजा, लोकसभा सचिवालय ने जारी किया नोटिस; 7 दिन में मांगा जवाब

नई दिल्ली (आरएनएस)। तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा सचिवालय ने इन सभी सांसदों को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है। टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने दल-बदल विरोधी कानून के तहत इन सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की थीं।

बताया जा रहा है कि टीएमसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी 20 बागी सांसदों के खिलाफ नोटिस जारी किया था। इन सांसदों के नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (NCPI) में शामिल होने का दावा किया गया है।

मामले में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से सॉलिसिटर जनरल अदालत में पेश हुए थे। अभिषेक बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की थी कि लोकसभा अध्यक्ष दल-बदल विरोधी कानून के तहत इन सांसदों के खिलाफ टीएमसी की ओर से दायर अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करें। अब लोकसभा सचिवालय की ओर से नोटिस जारी किए जाने के बाद सभी 20 सांसदों को निर्धारित समय के भीतर अपना पक्ष रखना होगा। उनके जवाब के बाद मामले में आगे की प्रक्रिया तय होने की संभावना है।

## प्रधानमंत्री ने मिलाद-उन-नबी पर देशवासियों को दी बधाई

नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलाद-उन-नबी के अवसर पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पवित्र अवसर समाज में एकता की भावना को और मजबूत करेगा तथा सभी के जीवन में खुशियां लेकर आएगा।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को सामाजिक माध्यम 'एक्स' पर संदेश साझा करते हुए कहा, ईद मुबारक! मिलाद-उन-नबी पर बधाई। उन्होंने कामना की कि यह अवसर लोगों के बीच आपसी भाईचारे और एकता की भावना को मजबूत करे तथा हर ओर खुशी और सौहार्द का वातावरण बने। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में दया और समाजसेवा की भावना को विशेष महत्व देते हुए कहा कि करुणा और सेवा की भावना सभी का मार्गदर्शन करे। उन्होंने उम्मीद जताई कि मिलाद-उन-नबी का यह अवसर लोगों को मानवता, सद्भाव और परस्पर सहयोग के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। मिलाद-उन-नबी मुस्लिम समुदाय के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर है। इस दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिवस की याद में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रधानमंत्री की शुभकामना में एकता, दया, सेवा और सामाजिक सद्भाव का संदेश प्रमुख रूप से सामने आया।

## लोकायन-2026' के तहत तीन दिन की बंदरगाह यात्रा के बाद लिस्बन से रवाना हुआ आईएनएस सुदर्शिनी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय नौसेना का पाल प्रशिक्षण पोत आईएनएस सुदर्शिनी ने 'लोकायन-2026' महासागरीय अभियान के तहत पुर्तगाल के लिस्बन में तीन दिन की बंदरगाह यात्रा पूरी करने के बाद 25 अगस्त 2026 को वहां से प्रस्थान किया। यह यात्रा भारत और पुर्तगाल के बीच लंबे समय से चले आ रहे समुद्री सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

बंदरगाह यात्रा के दौरान आईएनएस सुदर्शिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने पुर्तगाली नौसेना अकादमी के कमांडेंट रियर एडमिरल मिगुएल बेसा पचेको तथा पुर्तगाली नौसेना के उप-बेड़ा कमांडर रियर एडमिरल जोआओ पाउलो सिल्वा परेरा से मुलाकात की। इन बैठकों के दौरान दोनों नौसेनाओं के बीच संस्थागत संबंधों और आपसी समझ को मजबूत करने से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।पेशेवर गतिविधियों के तहत भारतीय नौसेना के समुद्री प्रशिक्षुओं ने पुर्तगाली नौसेना अकादमी 'एस्कोला नवल' का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अपने पुर्तगाली समकक्षों के साथ संवाद किया और अकादमी के ऐतिहासिक परिसर तथा प्रशिक्षण सुविधाओं का अवलोकन किया।

## चेन्नई में भारत-वियतनाम तटरक्षक बलों की सातवीं उच्च स्तरीय बैठक, समुद्री सहयोग बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय तटरक्षक बल और वियतनाम तटरक्षक बल के बीच सातवीं उच्च स्तरीय बैठक 25 अगस्त 2026 को चेन्नई में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन वर्ष 2015 में दोनों देशों के तटरक्षक बलों के बीच हुए सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन के तहत किया गया। इसमें समुद्री सुरक्षा, खोज एवं बचाव, समुद्री कानून प्रवर्तन और समुद्री प्रदूषण से निपटने सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि और वियतनाम तटरक्षक बल के उप-कमांडेंट मेजर जनरल लुओंग दिन्ह हंग ने की। दोनों पक्षों ने समुद्री सहयोग से जुड़ी मौजूदा गतिविधियों की समीक्षा की और भविष्य में सहयोग तथा परिचालन समन्वय को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।बैठक में समुद्री खोज एवं बचाव, समुद्री कानून प्रवर्तन, समुद्री प्रदूषण की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और तटरक्षक बलों की क्षमता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। दोनों पक्षों ने पेशेवर आदान-प्रदान और जहाज यात्राओं सहित जारी द्विपक्षीय सहयोग की भी समीक्षा की।

भारतीय और वियतनामी तटरक्षक बलों ने समुद्री क्षेत्र में सहयोग को प्रभावी बनाने के लिए नियमित संस्थागत संवाद को महत्वपूर्ण बताया। दोनों पक्षों ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों, पेशेवर आदान-प्रदान, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और जहाज यात्राओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया।बैठक में दोनों तटरक्षक बलों के बीच आपसी विश्वास, बेहतर समन्वय और परिचालन सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। दोनों पक्षों ने माना कि नियमित संवाद और संयुक्त प्रशिक्षण से समुद्री क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने की क्षमता बढ़ेगी तथा दोनों बलों के बीच अंतर-संचालनीयता और बेहतर होगी।

# होर्मुज से लाल सागर तक संकट, दुनिया की खाद्य सुरक्षा पर मंडराया खतरा; भारत ने यूएन को चेताया

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से अपील की है कि संघर्षों के कारण पैदा होने वाले मानवीय संकट को कम करना उसकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत ने चेतावनी दी कि ऊर्जा, उर्वरक, समुद्री परिवहन और कृषि व्यापार में रुकावटों का सीधा असर वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा खाद्य आयात पर निर्भर विकासशील देशों को उठाना पड़ रहा है।

भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद की खुली बहस में कहा कि आज के संघर्षों का प्रभाव केवल युद्ध वाले क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि दूर-दराज के देशों तक भी पहुंचता है। ऊर्जा बाजार, उर्वरक आपूर्ति, समुद्री परिवहन, मानवीय सहायता और कृषि व्यापार में बाधाएं क्षेत्रीय संघर्षों को वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए खतरे में बदल सकती हैं।

'फूड अंडर फायर: ग्लोबल और लोकल फूड संकट को कम करने में सुरक्षा परिषद की भूमिका' विषय पर हुई बहस में हरीश ने कहा कि विकासशील देशों, खासकर खाद्य आयात पर अत्यधिक निर्भर देशों को इन व्यवधानों का सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद को संघर्षों से होने वाले मानवीय संकट को कम करने पर प्राथमिकता



देनी चाहिए। इसके लिए मानवीय सहायता की सुरक्षित, तेज और निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी है।

पी. हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके कदम, जैसे प्रतिबंध, अनजाने में मानवीय सहायता या वैध खाद्य एवं कृषि व्यापार में बाधा न बनें। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य-सुरक्षित और मजबूत समाज का निर्माण मुख्य रूप से राष्ट्रीय सरकारों की जिम्मेदारी है। संयुक्त राष्ट्र का विकास तंत्र और रोम स्थित संबंधित एजेंसियां इस दिशा में सहायता करती हैं, जबकि सुरक्षा परिषद की भूमिका अलग है।

हरीश ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भारत के योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत अपनी खाद्य सुरक्षा मजबूत करने के साथ-साथ दुनिया की खाद्य सुरक्षा में भी योगदान दे रहा है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लोगों को सब्सिडी वाले अनाज का कानूनी अधिकार मिलता है। वहीं, PM-KISAN योजना के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को सीधे आर्थिक सहायता पहुंचाई जा रही है, जिससे छोटे और सीमांत किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

उन्होंने 2023 में भारत की पहल पर मनाए गए 'अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष' का भी जिक्र किया। हरीश ने कहा कि इससे जलवायु-अनुकूल और पोषक तत्वों से भरपूर फसलों की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित हुआ। उन्होंने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों को भी टिकाऊ खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया।



मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू से मुलाकात की.

## आईबी अधिकारी अंकित शर्मा हत्याकांड , ताहिर हुसैन पहुंचा दिल्ली हाईकोर्ट, उम्रकैद की सजा को दी चुनौती



नई दिल्ली, (आरएनएस)। आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन ने उम्रकैद की सजा को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। ताहिर हुसैन ने कड़कड़डूमा कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील दायर की है। इस अपील पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है।

कड़कड़डूमा कोर्ट ने 31 जुलाई को ताहिर हुसैन समेत पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इससे पहले 13 जुलाई को कोर्ट ने ताहिर हुसैन, नजीर, आसिम, जावेद और अनास को अंकित शर्मा हत्याकांड में दोषी ठहराया था।अंकित शर्मा की हत्या वर्ष 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के दौरान दयालपुर इलाके में हुई थी। उनका क्षत-विक्षत शव एक नाले से बरामद किया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, दंगों के दौरान अंकित शर्मा लोगों को समझाने और कानून हाथ में न लेने की अपील कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें कथित तौर पर पकड़ लिया गया और उनकी हत्या के बाद शव को नाले में फेंक दिया गया। 24 फरवरी 2020 को नागरिकता संशोधन कानून के समर्थकों और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसा के बाद उत्तर-पूर्वी दिल्ली में सांप्रदायिक झड़पें शुरू हुई थीं।

कई दिनों तक चले दंगों में कम से कम 53 लोगों की मौत हुई थी, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे।ताहिर हुसैन ने वर्ष 2017 में आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतकर पार्षद का पद हासिल किया था। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के पौरारा गांव का रहने वाला है और पांच भाइयों में सबसे बड़ा है।

## जेपीएनआईसी निजी हाथों में देने पर अखिलेश की तीखी टिप्पणी, बोले- अब तो बस सरकार को ही ठेके पर देना या बेचना बचा

लखनऊ, (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) को निजी हाथों में सौंपने के योगी सरकार के फैसले पर तीखा हमला बोला है। अखिलेश ने वीडियो जारी कर सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सार्वजनिक संपत्तियों के निजीकरण के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। अखिलेश यादव ने अपने बयान में कहा, भाजपा सरकार है या दुकानदार अब प्रदेश सरकार ने लखनऊ के जेपीएनआईसी (जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर) को निजी हाथों में सौंपने का निर्णय कैबिनेट में ले लिया है। अब तो बस सरकार को ही ठेके पर देना या बेचना बचा है। अखिलेश ने भाजपा पर कमीशन और निजीकरण के जरिए भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया। ज्ञात हो कि समाजवादी पार्टी सरकार के कार्यकाल में तैयार गोमतीनगर स्थित जेपीएनआईसी के संचालन को अब निजी क्षेत्र को सौंपने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में जेपीएनआईसी को वृंदावन बाटलर्स प्राइवेट लिमिटेड और राकवुड होटल्स एंड रिजार्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को 30 वर्ष की लीज पर देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।फैसले के मुताबिक, चयनित कंपनी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सालाना छह करोड़ रुपये लीज रेंट देगी। इसमें हर वर्ष पांच प्रतिशत की वृद्धि का प्रावधान है। लंबे समय से बंद पड़े इस महत्वाकांक्षी केंद्र को निजी संचालन के माध्यम से उपयोग में लाने की तैयारी है। जेपीएनआईसी के संचालन के लिए चयनित कंपनी से 10.11 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि और 25 करोड़ रुपये की परफॉर्मेंस गारंटी ली जाएगी।

# धार्मिक मामलों को अदालत में विवाद का मुद्दा बनाने के बजाय स्थानीय स्तर पर सुलझाया जाए : मायावती



लखनऊ, (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने धार्मिक मामलों को लेकर बढ़ते विवादों के बीच सभी पक्षों से संवेदनशीलता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म, धार्मिक ग्रंथ, धार्मिक प्रचलन और मान्यताओं से जुड़े संवेदनशील मामलों पर टीका-टिप्पणी से बचना देश और जनहित में होगा। साथ ही उन्होंने महिलाओं की अस्मिता, सम्मान और पर्दे से जुड़े मामलों को भी संवेदनशीलता के साथ देखने की बात कही। मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार चार पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि स्कूलों में यूनिफॉर्म, पर्दा, चादर और हिजाब पहनने जैसे मामलों को ज्यादा तूल देकर अदालत-कचहरी में विवाद का कानूनी मुद्दा बनाने के बजाय स्थानीय स्तर पर स्कूल प्रबंधन तथा शासन-प्रशासन की आपसी समझ और सूझबूझ से सुलझाया जाना चाहिए। बसपा प्रमुख ने अपनी पार्टी को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकरवादी बताते हुए कहा कि सभी धर्मों और उनकी धार्मिक मान्यताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा है कि जैसाकि सर्वविदित है कि परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने मानवतावादी, कल्याणकारी व सभी जाति-धर्मों के मानने वालों को एक-समान समतामूलक अधिकार देने वाला सेक्युलर संविधान देकर पूरे देश को एक कड़ी में जोड़ कर सशक्त भारत बनाने की गारन्टी सुनिश्चित की है और इसके तहत सभी धर्मों के ग्रंथों व उनके धार्मिक रीति-रिवाज व मान्यताओं के आधार पर शान्त एवं सुखी जीवन जीने का अधिकार है, जिसकी अनदेखी करने व उसमें दखल देने के बजाय सभी को उसकी पवित्रता का सम्मान करना चाहिये।


उन्होंने आगे लिखा कि इस क्रम में महिलाओं की अस्मिता, सम्मान व पर्दा आदि के जरिए अपने आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा जैसे मामलों को उसकी उसी संवेदनशीलता से देखना चाहिये और जहाँ तक स्कूलों में यूनिफार्म, पर्दा, चादर, हिजाब आदि पहनने का मामला है, तो इन मामलों को ज़्यादा तूल देकर कोर्ट-कचहरी में विवाद का कानूनी मुद्दा बनाने के बजाय, उन्हें स्थानीय स्तर पर स्कूल प्रबन्धन व शासन-प्रशासन की आपसी समझ व सूझबूझ से सुलझा लेना चाहिये ताकि किसी को भी इसकी आड़ में संकीर्ण राजनीति करने का मौका ना मिल पाये।

मायावती ने कहा कि बी.एस.पी. सर्वसमाज के सम्मान व उनके जान-माल व मज़हब की सुरक्षा की गारन्टी वाली अम्बेडकरवादी पार्टी है और यही मानना है कि किसी भी धर्म, धार्मिक ग्रंथ व धार्मिक प्रचलन/मान्यताओं के संवेदनशील मामलों पर सभी लोग टीका-टिप्पणी करने से बचें तो यह देश व जनहित में होगा।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, यूपी के ज़िला बदायूँ में भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर जारी विवाद व तनाव की स्थिति को शासन-प्रशासन तुरन्त इसका शान्तिपूर्ण व उचित समाधान निकाले तो यह उचित होगा।

# दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन ने एनसीआर में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई, जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। खबरों के अनुसार, अब तक 2000 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन दिल्ली में इन्फ्लूएंजा की स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है और इस संक्रमण से होने वाली बीमारी और मौतों की निगरानी कर रही है। इन्फ्लूएंजा के मामलों में मौसमी बढ़ोतरी को देखते हुए डीएमए ने लोगों से सतर्क रहने और बचाव के ज़रूरी उपाय अपनाने की अपील की है। एसोसिएशन ने लोगों को सलाह दी है कि वे सांस से जुड़ी स्वच्छता का ध्यान रखें, साफ-सफाई बनाए रखें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें और इन्फ्लूएंजा के लक्षण दिखने पर समय रहते डॉक्टर की सलाह लें। डीएमए ने स्वाइन फ्लू से संक्रमण से बचने के लिए उपाय बताए हैं। डीएमए ने कहा कि खांसते या छींकते समय अपना मुंह और नाक रूमाल या टिश्यू से ढकें। साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोएं या अल्कोहल-बेस्ड हैंड सैनिटाइज़र का इस्तेमाल करें। बिना धुले हाथों से अपनी आँखों, नाक और मुंह को छूने से बचें। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें, खासकर तब जब इन्फ्लूएंजा का असर ज्यादा हो।




एच1एन1 या इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी से पीड़ित लोगों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। इसके अलावा, पर्याप्त आराम करें और अच्छी नींद लें और खूब तरल पदार्थ पिएं और पौष्टिक भोजन करें। दोबारा इस्तेमाल होने वाले रूमाल को ठीक से साफ़ करें और इस्तेमाल किए गए टिश्यू को सुरक्षित रूप से फेंक दें। सार्वजनिक जगहों पर थूकने से बचें। फ्लू के लक्षण होने पर वायरस को फैलने से रोकने के लिए एन95 मास्क पहनें। हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को खुद को और मरीज़ों को बचाने के लिए क्लीनिक, अस्पतालों और ओपीडी में मास्क जरूर पहनना चाहिए।

डीएमए ने कहा कि दूसरों से मिलते समय हाथ मिलाने या गले मिलने से बचें, खासकर तब जब फ्लू जैसे लक्षण हों। किसी योग्य डॉक्टर की सलाह के बिना दवाएं, खासकर एंटीबायोटिक्स या एंटीवायरल दवाएं न लें। अगर आपको फ्लू जैसे लक्षण हैं, तो संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए रिश्तेदारों, दोस्तों या अन्य लोगों से मिलने से बचें।

डीएमए ने इन्फ्लूएंजा के असर वाले इलाकों से लौटने वाले लोगों को सलाह दी है कि वे कम से कम 10 दिनों तक अपनी सेहत पर नजर रखें और अगर उन्हें फ्लू जैसे लक्षण दिखें तो नज़दीकी हेल्थ सेंटर पर रिपोर्ट करें।

भीड़-भाड़ वाली जगहों, बाज़ारों और पब्लिक ट्रांसपोर्ट में फेस मास्क का इस्तेमाल करें।दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार, दिल्ली सरकार ने इन्फ्लूएंजा के मामलों में मौसमी बढ़ोतरी से निपटने के लिए अस्पतालों को तैयार करने के कदम उठाए हैं, जिसमें पर्याप्त बेड, डॉक्टर, दवाइयाँ और ज़रूरी मेडिकल उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन (एसएआरआई) के मामलों की स्क्रीनिंग, रिपोर्टिंग और निगरानी के संबंध में चीफ डिस्ट्रिक्ट मेडिकल ऑफिसर, डिस्ट्रिक्ट सर्विलांस ऑफिसर और अस्पतालों को भी निर्देश जारी किए गए हैं।

## प्रधानमंत्री 27 अगस्त को 'खेलो इंडिया संवाद' में युवाओं को करेंगे संबोधित

नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अगस्त को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'खेलो इंडिया संवाद' को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारत की खेल यात्रा से जोड़ना, उनकी आकांक्षाओं और विचारों को समझना तथा युवा नेतृत्व के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

'मेरा युवा भारत' द्वारा आयोजित इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले से दो-दो महाविद्यालयों के युवा भाग लेंगे। कार्यक्रम प्रधानमंत्री के उस दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें युवाओं की आकांक्षाओं को राष्ट्रीय विकास के केंद्र में रखते हुए स्वस्थ, अनुशासित और खेल के प्रति समर्पित भारत के निर्माण पर जोर दिया गया है।

खेल, युवा नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण पर संवाद

'खेलो इंडिया संवाद' खेल, युवा नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण को एक साझा मंच पर लाएगा। इसके माध्यम से युवाओं को देश की खेल संबंधी आकांक्षाओं से सीधे जुड़ने और खेल एवं युवा क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय कार्यक्रम के बाद स्थानीय स्तर पर भी संवाद आयोजित किए जाएंगे। इनमें युवा प्रतिभागियों के साथ 'मेरा युवा भारत' के स्वयंसेवक, स्थानीय खिलाड़ी और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं और देश के अग्रणी खिलाड़ियों एवं पदक विजेताओं के बीच सीधा संवाद होगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'युवा संवाद' होगा। इसमें युवाओं को अपनी सोच, दृष्टिकोण और आकांक्षाएं साझा करने का अवसर मिलेगा। संवाद के लिए पांच प्रमुख विषय निर्धारित किए गए हैं।

## बांग्लादेश में खुला घूम रहा अल-कायदा का टॉप आतंकी इकरामुल हक, शेख हसीना के बेटे ने खोली पोल




नई दिल्ली/ढाका (ए.)। बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद तेजी से बदल रहे राजनीतिक और सुरक्षा हालातों ने भारत की चिंताएं काफी बढ़ा दी हैं। भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा यह है कि अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (AQIS) का दूसरा सबसे बड़ा और खतरनाक आतंकी इकरामुल हक अब बांग्लादेश में खुलेआम घूम रहा है। शेख हसीना के बेटे साजीब वाजेद ने इस खौफनाक हकीकत का पर्दाफाश करते हुए कार्यवाहक सरकार पर तीखा निशाना साधा है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की एक ताजा रिपोर्ट ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है कि अल-कायदा भारतीय उपमहाद्वीप में अपने कैडर और आतंकी नेटवर्क को फैलाने के लिए बांग्लादेश की जमीन का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहा है।

**कौन है भारत का 'मोस्ट वांटेड' इकरामुल हक ?**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल इकरामुल हक उर्फ अबू ताल्हा को लेकर भारतीय सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। इकरामुल एक बेहद चतुर और पढ़ा-लिखा आतंकी है, जो बंगाली, उर्दू, अरबी और अंग्रेजी भाषाओं का जानकार है। वह 2018 में फर्जी पहचान (अबू तलहा, मौलाना साबित, नूर हुसैन आदि) और नकली भारतीय पासपोर्ट के सहारे भारत में घुसा था। उसने पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और गुजरात तक अपना स्लीपर सेल का मजबूत नेटवर्क खड़ा कर लिया था। मई 2023 में उसे ढाका के मदारटेक इलाके से गिरफ्तार कर काशिमपुर जेल भेजा गया था, लेकिन अगस्त 2024 के सियासी उथल-पुथल के बाद, अक्टूबर 2024 में उसे जमानत दे दी गई ।

## रूस-यूक्रेन के बीच युद्धबंदियों की अदला-बदली जारी, 10-10 सैनिकों की हुई वापसी

मॉस्को, (ए.) । रूस और यूक्रेन के बीच युद्धबंदियों की अदला-बदली का सिलसिला जारी है। रूस की मानवाधिकार आयुक्त याना लांत्रतोवा ने बताया कि 24 अगस्त को कीव को 10 युद्धबंदी लौटाए गए और इसके जवाब में यूक्रेन ने बुधवार को 10 सैनिक रूस को सौंपे। लांत्रतोवा ने पत्रकारों से कहा, फिलहाल, बेलारूस गणराज्य के इलाके में युद्धबंदियों की अदला-बदली की प्रक्रिया चल रही है। रूस का रक्षा मंत्रालय और संबंधित विशेष सेवाएं इस प्रक्रिया पर लगातार काम कर रही हैं। उनके मुताबिक, बुधवार को रूस के 10 नागरिकों की स्वदेश वापसी होगी।

## कोलंबिया में आए विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या 331 हुई, 4.06 लाख से ज्यादा प्रभावित

बोगोटा (ए.) । पश्चिमी कोलंबिया में गत 10 अगस्त को आए 7.4 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 331 हो गई है। मंगलवार को जारी नेशनल यूनिट फॉर डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट (यूएनजीआरडी) की अपडेटेड रिपोर्ट के अनुसार, आपदा में 240 लोग अब भी लापता हैं, जबकि 4,449 लोग घायल हुए हैं।

***तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू***

ने यूएनजीआरडी के हवाले से बताया कि, राहत एवं बचाव अभियान के दौरान 364 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। भूकंप से देश के 32 प्रांतों में से 16 प्रांतों की 494 नगरपालिकाएं प्रभावित हुई हैं। कुल 1,88,034 परिवारों के 4,06,273 लोगों को आधिकारिक तौर पर प्रभावित दर्ज किया गया है।



भूकंप 10 अगस्त को स्थानीय समयानुसार सुबह 7:34 बजे आया था। इसका केंद्र प्रशांत क्षेत्र के चोको प्रांत में सैन होज़े डेल पाल्मार के पास करीब 110 किलोमीटर की गहराई में था। इसे इस सदी में कोलंबिया में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप बताया जा रहा है।आपदा से पश्चिमी कोलंबिया में घरों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। यूएनजीआरडी के अनुसार, 33,275 घर पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, जबकि 1,85,889 अन्य घरों को नुकसान पहुंचा है।स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 376 स्वास्थ्य केंद्र, 3,819 शैक्षणिक संस्थान और 4,337 सामुदायिक सुविधाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। भूकंप से परिवहन और आवश्यक सेवाओं पर भी गंभीर असर पड़ा है। कुल 440 सड़कें, 74 वाहन पुल, 17 पैदल यात्री पुल, पांच हवाई अड्डे और 119 जल-आपूर्ति प्रणालियां प्रभावित हुई हैं। आपदा का असर पशुओं पर भी पड़ा है। अधिकारियों के अनुसार, 2,149 जानवर प्रभावित हुए, जबकि 2,949 को सुरक्षित बचाया गया है। यूएनजीआरडी ने स्पष्ट किया है कि ये आंकड़े प्रारंभिक हैं।

## इस्लामाबाद के अस्पताल में लगी आग, 15 नवजात शिशुओं की मौत; AC कंप्रेसर फटने से हुआ हादसा

इस्लामाबाद (ए.)। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आज सुबह एक भयानक हादसा हो गया। एक अस्पताल में आग लगने से करीब 15 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। यह हादसा पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (PIMS) के गायनेकोलॉजी वार्ड में हुआ।




सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस अस्पताल की नर्सरी में एयर-कंडीशनर (AC) का कंप्रेसर फटने से आग लग गई।

PIMS अधिकारियों के मुताबिक, घटना के समय नर्सरी में 16 नवजात शिशु थे, जिनमें से 15 बच्चों की मौत हो गई। वहीं सिर्फ एक बच्चे को ही बचाया जा सकाआग लगने की खबर मिलने के साथ ही बचाव कार्य शुरू किया गया। नवजात शिशुओं को गायनेकोलॉजी वार्ड से बाहर निकाला गया।

इस घटना में 16 बच्चों में से सिर्फ एक नवजात शिशु की जान बच पाई। बचाव अधिकारियों ने मौजूदा हालात के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आग बुझा दी गई है और टीमें घटनास्थल पर कूलिंग ऑपरेशन चला रही हैं।

## एच-1बी वीजा में बड़े बदलाव की तैयारी में ट्रंप प्रशासन, व्हाइट हाउस पहुंचा प्रस्ताव

वॉशिंगटन (ए.)। ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम में संभावित बड़े बदलाव की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। यह वही वीजा श्रेणी है जिसका उपयोग हर साल हजारों भारतीय पेशेवर अमेरिका में नौकरी करने के लिए करते हैं।डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (डीएचएस) ने सोमवार को 'रिफॉर्मिंग द एच-वन-बी नॉनइमिग्रेंट वीजा क्लासिफिकेशन प्रोग्राम' नामक प्रस्तावित नियम को समीक्षा के लिए व्हाइट हाउस के ऑफिस ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड रेगुलेटरी अफेयर्स (ओआईआरए) के पास भेजा है।इस प्रस्ताव को आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण श्रेणी में रखा गया है। इसका मतलब है कि इससे हर साल कम से कम 10 करोड़ डॉलर (100 मिलियन डॉलर) का आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है या यह अर्थव्यवस्था, नौकरियों, उत्पादकता, प्रतिस्पर्धा या किसी बड़े आर्थिक क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।फेडरल रेगुलेटरी डॉकेट के अनुसार, यह प्रस्ताव अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) के तहत एक प्रस्तावित नियम के रूप में दर्ज किया गया है।इसके विस्तृत प्रावधान सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। डॉकेट में यह नहीं बताया गया है कि क्या प्रशासन योग्यता के मानकों, नियोक्ता की जरूरतों, वेतन के नियमों, सालाना चयन प्रक्रिया या अनुपालन नियमों में बदलाव करना चाहता है।

## अमेरिका में दिल दहला देने वाली वारदात

### 8 रिश्तेदारों की हत्या के बाद आरोपी ने खुद को मारी गोली, 4 बच्चे भी शामिल



वॉशिंगटन (ए.) । अमेरिका के मोंटाना राज्य के बिलिंग्स शहर में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने अपने ही आठ रिश्तेदारों की गोली मारकर हत्या कर दी और इसके बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। मृतकों में चार बच्चे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि मारे गए लोग एक ही परिवार की चार पीढ़ियों से थे।परिवार की ओर से अधिकृत प्रवक्ता जेनिफर मर्सर ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि घटना रविवार शाम एक घर में डिनर के दौरान हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों में 90 वर्ष से अधिक उम्र की परदादी से लेकर महज सात साल की बच्ची तक शामिल थी। मर्सर ने अंतिम संस्कार और अन्य खर्चों में मदद के लिए ऑनलाइन फंडरेजर भी शुरू किया है।पुलिस के अनुसार, रविवार शाम परिवार के कई सदस्यों को घर पर बुलाया गया था। इसी दौरान घर के पिछले हिस्से से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। इसके कुछ ही समय बाद घर आग की लपटों से घिर गया।पुलिस ने कई लोगों की मौत की पुष्टि की है। अधिकारियों के मुताबिक, मृतकों में वह व्यक्ति भी शामिल है, जिसने कथित तौर पर अपने रिश्तेदारों की हत्या करने के बाद खुद को गोली मार ली।घर से कुछ दूरी पर रहने वाले पड़ोसी डेविड हिलर ने बताया कि रविवार शाम करीब छह बजे उन्होंने ऐसी आवाज सुनी, जैसे कहीं आतिशबाजी हो रही हो। शुरुआत में उन्होंने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया।

इसी दौरान एक अन्य पड़ोसी ने हिलर को फोन कर गली में गोलीबारी की जानकारी दी। इसके बाद जब हिलर घर से बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि पुलिसकर्मी टैक्टिकल गियर पहने हुए थे और वाहनों की आड़ लेकर मोर्चा संभाले हुए थे। कुछ पुलिसकर्मियों के हाथों में लंबी बंदूकें थीं।

हिलर ने बताया कि इस दौरान घटनास्थल वाले घर से काले धुएं के घने गुबार उठ रहे थे। पुलिस ने इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है। घटना के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## यूक्रेन का समर्थन जारी रहने तक ईयू के साथ रचनात्मक बातचीत असंभव : रूसी विदेश मंत्रालय

मॉस्को, (आरएनएस)। रूसी विदेश मंत्रालय के सर्वोच्च राजनयिक अलेक्जेंडर ट्रोफिमोव ने कहा है कि जब तक यूरोपीय देश यूक्रेन और कीव का समर्थन करते रहेंगे, तब तक रूस और यूरोप के बीच रचनात्मक बातचीत संभव नहीं है।रूसी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती से बातचीत में अलेक्जेंडर ट्रोफिमोव ने पश्चिमी देशों पर रूस के खिलाफ आक्रामक और अनुचित कदम उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम का उद्देश्य रूस को रणनीतिक हार देना है।उन्होंने कहा कि यूरोपीय देशों का मौजूदा लक्ष्य यूक्रेन की सरकार को समर्थन देना, रूस पर सैन्य दबाव बनाए रखना और इस दौरान अपनी सैन्य-औद्योगिक क्षमता को मजबूत करना है। ट्रोफिमोव के मुताबिक, जब तक यूरोपीय देशों का यह रुख कायम रहता है, तब तक किसी रचनात्मक मुद्दे पर बातचीत मुश्किल है। रूसी राजनयिक ने कहा कि मॉस्को के पास पश्चिमी यूरेशिया के बाहर भी कई सहयोगी और साझेदार हैं। रूस उनके साथ समानता और अविभाज्यता के सिद्धांतों के आधार पर यूरेशिया में एक व्यापक सुरक्षा ढांचा विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

# फीचर

## रणबीर कपूर की ब्रह्मास्त्र 2 में नहीं होंगी दीपिका पादुकोण, टीम ने की पुष्टि

रणबीर कपूर की आगामी फिल्मों में ब्रह्मास्त्र 2 भी शामिल है, जिसका निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। पिछले दिनों रिपोर्ट्स में कहा गया कि दीपिका पादुकोण इस परियोजना का हिस्सा हो सकती हैं। उन्हें फिल्म में अमृता की भूमिका के लिए लेने का विचार चल रहा है। हालांकि, इन अटकलों और फैंस के उत्साह पर पानी फिर गया है, क्योंकि अभिनेत्री फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। इसकी पुष्टि आधिकारिक तौर पर दीपिका की टीम द्वारा की गई है।रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका के प्रवक्ता ने ब्रह्मास्त्र 2 में उनकी कथित कास्टिंग को लेकर चल रही अफवाहों को सिरे से खारिज किया है।



उन्होंने कहा, दीपिका पादुकोण के ब्रह्मास्त्र 2 का हिस्सा होने या किसी भी रूप में इस परियोजना से जुड़े होने की सभी हालिया खबरें असत्य हैं।उनके कथन ने अटकलों पर विराम लगा दिया, लेकिन उन लोगों को झटका दिया है, जो दीपिका और रणबीर को पर्दे पर एक साथ देखने की उम्मीद लगाए बैठे थे।खबर है कि सैयारा अभिनेत्री अनीत पड्डा से फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है।रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने कहा, अनीत को ब्रह्मास्त्र 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए संपर्क किया गया है। बातचीत चल रही है, लेकिन 9अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है।

## बिग बॉस 20 में एंट्री नहीं लेंगी शिवांगी जोशी, वायरल वीडियो को बताया फेक



इंडिया के पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 20 को लेकर इन दिनों काफी चर्चा है. शो जल्द ही दर्शकों को एंटरटेन करने आ रहा है और शो को लेकर कई कंटेस्टेंट्स के नाम भी सामने आ रहे हैं. इनमें टीवी एक्ट्रेस शिवांगी जोशी का नाम भी चर्चा में था. हालांकि, शिवांगी ने इन खबरों को खारिज करते हुए साफ कर दिया है कि वो शो का हिस्सा नहीं हैं और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो फेक है.

शिवांगी जोशी ने बिग बॉग 20 में एंट्री की खबरों पर रिएक्ट किया है और इसे पूरी तरह से गलत बताया है. उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर लिखा, मुझे पता चला है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें गलत तरीके से दावा किया जा रहा है कि मैं बिग बॉस में हिस्सा ले रहा हूं. मैं क्लियर करना चाहती हूं कि मैं बिग बॉस 20 में पार्टीसिपेट नहींकर रही हूं और वो वीडियो पूरी तरह से फेक है.हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें दावा किया गया था कि शिवांगी जोशी बिग बॉस 20 की कंफर्म कंटेस्टेंट हैं. हालांकि अब एक्ट्रेस ने रूमर्स को खारिज कर दिया है.बता दें, सलमान खान का शो बिग बॉस 20 6 सितंबर से कलर्स टीवी और जियो हॉटस्टार पर आएगा. शो को लेकर काफी बज बना हुआ है.

शिवांगी जोशी हाल ही में रियलिटी शो लॉक अप 2 में नजर आई थीं, जहां उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरी थीं. शो के दौरान उनका नाम हर्ष चोपड़ा के साथ भी जोड़ा गया था, हालांकि दोनों ने साफ किया था कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं. शिवांगी शो की रनर-अप रही थीं, जबकि श्रेया कालरा ने ट्रॉफी अपने नाम की थी. वहीं, फराह खान और रितेश देशमुख ने शो को होस्ट किया था.

## फिल्म वन से सिद्धार्थ मल्होत्रा की पहली झलक आई

सिद्धार्थ मल्होत्रा को आखिरी बार परम सुंदरी में देखा गया था, जो पिछले साल अगस्त में आई थी। अब अभिनेता अपनी अगली फिल्म वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट को लेकर चर्चा में हैं, जो भारत की पहली पौराणिक-फंतासी और हॉरर-थ्रिलर होगी। इसका निर्माण बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले किया गया है, जबकि निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा हैं। निर्माताओं ने फिल्म का मोशन-पोस्टर जारी करके सिद्धार्थ की पहली झलक दिखाई है। साथ में टीजर की रिलीज पर अपडेट दिया है।वन के मोशन-पोस्टर में घने व रहस्यमयी जंगल के बीचो-बीच एक असुरी शक्ति दिखती है। उसके सामने हाथ में मशाल लिए सिद्धार्थ खड़े हैं, जो वर्जित स्थान में प्रवेश करते नजर आते हैं।हालांकि, पोस्टर में उनका चेहरा दिखाने की बजाय पीठ दिखाई गई है।इसमें तमन्ना भाटिया, सुनील ग्रोवर, मनीष पॉल और श्वेता तिवारी जैसे सितारे भी शामिल हैं।भारतीय लोककथाओं और अंधविश्वास पर आधारित फिल्म 25 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी।

## जीवनशैली में ये 5 छोटे-छोटे बदलाव करके आप हर महीने बचा सकते हैं पैसे, जानें

हर महीने की कमाई से कुछ पैसे बचाना हर किसी की ख्वाहिश होती है। इसके लिए लोग कई तरह के तरीके भी अपनाते हैं, लेकिन कई बार ये तरीके काम नहीं आते हैं। ऐसे में अगर हम आपको कुछ छोटे-छोटे बदलाव करने के लिए कहें, जिससे हर महीने आपकी बचत बढ़ सकती है तो क्या आप ऐसा करने के लिए तैयार हैं? आइए जानते हैं कि जीवनशैली में कौन-कौन से छोटे-छोटे बदलाव करके आप पैसे बचा सकते हैं।



### पानी का करें सही उपयोग

पानी का उपयोग करते समय उसे बचाने की कोशिश करें। जैसे नहाते समय बाल्टी का इस्तेमाल करें और गिलास में पानी भरकर उसका इस्तेमाल करें।इससे आप पानी की बचत कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप बगीचे में पानी डालने के लिए पाइप का इस्तेमाल करते हैं तो उसे खुला न रखें।पाइप के आगे स्विच लगवाएं, ताकि जब आपको पानी डालना न हो तब पाइप का पानी न बहे। इससे पानी की बचत होगी।

### मेट्रो या बस में करें सफर

अगर आपको ऑफिस जाने के लिए रोजाना मेट्रो या बस से सफर करना पड़ता है तो अपनी यात्रा को सस्ती बनाने के लिए मेट्रो या बस का पास बनवा लें।अगर आपकी ऑफिस मेट्रो से 30 किलोमीटर दूर है तो महीने का मेट्रो पास बनवाने से आपकी यात्रा का किराया कम आएगा।इसके अलावा अगर आप मेट्रो या बस से ज्यादा दूर नहीं जाते हैं तो रोजाना टिकट खरीदने के बजाय मेट्रो या बस का पास बनवाएं।

### घर से बाहर खाने के बजाय घर का बना खाना खाएं

अगर आप घर से बाहर रहकर खाना खाते हैं तो हर दिन आपको काफी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। इसलिए, घर से बाहर खाना खाने के बजाय घर का बना खाना खाएं।इससे आपके स्वास्थ्य को भी लाभ होगा और आप हर महीने कुछ पैसे भी बचा सकेंगे। इसके अलावा घर का बना खाना स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है।इसी के साथ घर का बना खाना खाने से पैसे की भी बचत होती है।

### बिजली की बचत करने के लिए इन तरीकों को अपनाएं

घर में बिजली की बचत करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें। जैसे जब भी आप कमरे से बाहर जाएं तो लाइट और पंखे बंद कर दें।इसके अलावा दिन के समय खिड़कियों की मदद से कमरे को रोशन रखें और रात के समय कम बिजली खर्च करने वाले बल्ब का इस्तेमाल करें।साथ ही घर में ऐसे उपकरणों का इस्तेमाल करें, जो कम बिजली का उपयोग करते हों। बिजली की बचत करने से बिल कम आएगा।

### ऑनलाइन खरीदारी करते समय सोचें

अगर आप ऑनलाइन खरीदारी करना पसंद करते हैं तो अपने बजट से बाहर न जाएं और सिर्फ उन्हीं चीजों को खरीदें, जो आपकी जरूरत की हों।इसके अलावा ऑनलाइन खरीदारी करते समय छूट और ऑफर्स पर ज्यादा ध्यान दें। साथ ही किसी भी चीज को खरीदने से पहले उसकी कीमत को अन्य वेबसाइट पर जांच लें।

## रोजाना कुछ लिखने की आदत आपके लिए होगी बहुत फायदेमंद, जानें अपनाने के सुझाव

रोजाना कुछ लिखने की आदत डालना एक जरूरी कदम है, जो आपके विचारों को साफ करने और मानसिक शांति देने में मदद करता है। यह आदत न केवल आपके लिखने की क्षमता को सुधारती है, बल्कि आपको अपने जीवन के अनुभवों को बेहतर तरीके से समझने में भी मदद करती है। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप रोजाना कुछ लिखने की आदत डाल सकते हैं और इसे बनाए रख सकते हैं।

### सुबह का समय चुनें

लिखने के लिए सुबह का समय सबसे अच्छा होता है, जब आपका मन ताजा होता है और कोई भी काम करने की ऊर्जा भरपूर होती है।सुबह उठते ही नाश्ते से पहले या बाद में कुछ मिनट निकालकर लिखने की आदत डालें। इससे आपका दिन सही दिशा में शुरू होगा और आप पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करेंगे।नियमितता से लिखने की आदत डालने के लिए सुबह का समय सबसे उपयुक्त है।

### छोटी-छोटी शुरुआत करें

किसी भी आदत को शुरू करने के लिए सबसे पहले छोटी-छोटी शुरुआत करना जरूरी होता है। शुरुआत में केवल 5-10 मिनट तक ही लिखें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।इससे आदत बनाने में आसानी होगी और आप इसे लंबे समय तक बनाए रख सकेंगे। छोटी शुरुआत करने से



मनोबल भी बना रहता है और आप इसे नियमित रूप से करने के लिए प्रेरित रहते हैं।इस तरह आप बिना किसी दबाव के अपनी लिखने की आदत को विकसित कर सकते हैं।

### एक डायरी रखें

अपने विचारों और अनुभवों को नोट करने के लिए हमेशा एक डायरी अपने पास रखें। इससे आप कहीं भी, कभी भी अपने विचारों को आसानी से लिख सकते हैं।

डायरी का इस्तेमाल करने से आपके पास एक ऐसा स्थान होगा, जहां आप अपने सभी विचारों को एक जगह पर संकलित कर सकते हैं।इसके अलावा यह लिखने की आदत को नियमित बनाए रखने में मदद करेगा। इस तरह से आप लिखने की प्रक्रिया को और भी बेहतर बना सकते हैं।

### विषय चुनें

लिखने के लिए विषय चुनना बहुत जरूरी होता है, ताकि आपको सोचने में मुश्किल न हो। आप अपने जीवन के अनुभव, यात्रा, किताबें या कोई भी ऐसा विषय चुन सकते हैं, जो आपको पसंद हो।विषय चुनने से आपका ध्यान केंद्रित रहेगा और आप बेहतर तरीके से लिख पाएंगे।इसके अलावा एक ही विषय पर लगातार लिखने से आपकी लिखने की क्षमता भी बढ़ेगी और आप अपने विचारों को साफ तरीके से व्यक्त कर सकेंगे।

### खुद पर दबाव न डालें

रोजाना कुछ लिखते समय खुद पर कोई दबाव न डालें कि आपको बहुत अच्छा या लंबा लिखना है। बस अपने विचारों को स्वतंत्र रूप से बहने दें।इससे आपका लेखन स्वाभाविक रहेगा और आप इसे लंबे समय तक बनाए रख सकेंगे।

इसके अलावा खुद पर कोई दबाव डालने से आपकी रचनात्मकता भी प्रभावित हो सकती है, इसलिए आराम से और बिना किसी चिंता के लिखें, ताकि आप अपनी लिखने की प्रक्रिया का पूरा आनंद ले सकें।

# रक्षाबंधन पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा को छात्राओं ने बांधी इको फ्रेंडली राखी

## नितिन साई चाइल्ड केयर स्कूल मिसरोद की छात्राओं ने स्वयं तैयार की राखियां, कलेक्टर ने मिठाई खिलाकर दिया शुभस्नेह



नर्मदापुरम (निप्र)। रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर नितिन साई चाइल्ड केयर स्कूल, मिसरोद की कक्षा 7वीं एवं 9वीं की छात्राओं ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें इको फ्रेंडली राखी बांधी और रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए इन राखियों को स्वयं तैयार किया था। उन्होंने अपनी मेहनत और रचनात्मकता से तैयार की गई इको फ्रेंडली राखियां कलेक्टर श्री मिश्रा की कलाई पर बांधकर भाई-बहन के स्नेह एवं विश्वास के इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया।इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने भी सहजता और आत्मीयता के साथ छात्राओं से राखी बंधवाई।

उन्होंने छात्राओं को स्नेहाशीष प्रदान करते हुए मिठाई खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कलेक्टर श्री मिश्रा ने छात्राओं द्वारा स्वयं तैयार की गई इको फ्रेंडली राखियों की सराहना करते हुए कहा कि पर्व-त्योहारों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की यह पहल समाज को प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहने और पर्यावरण हितैषी परंपराओं को अपनाने का प्रेरक संदेश भी देती है।

# एशियन गेम्स-2026 में नर्मदापुरम के खिलाड़ी पेश करेंगे अपनी मजबूत दावेदारी

### विवेक सागर प्रसाद, आध्या तिवारी और हर्षिता तोमर करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



नर्मदापुरम (निप्र)। खेल प्रतिभाओं के क्षेत्र में नर्मदापुरम जिले ने एक बार फिर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। जापान के आइची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स-2026 के लिए नर्मदापुरम जिले के तीन प्रतिभावान खिलाड़ियों का भारतीय दल में चयन हुआ है। हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद, सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी आध्या तिवारी एवं सेलिंग खिलाड़ी हर्षिता तोमर एशिया के सबसे बड़े खेल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक ही जिले से तीन अलग-अलग खेलों में खिलाड़ियों का एशियन गेम्स के लिए चयन नर्मदापुरम के लिए गौरव की उपलब्धि है। इन खिलाड़ियों की सफलता जिले की खेल प्रतिभाओं की क्षमता और निरंतर बेहतर प्रदर्शन को दर्शाती है। तीनों खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश के लिए पदक जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेंगे। नर्मदापुरम के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा होंगे। विवेक भारतीय हॉकी के प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं और इससे पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। एशियन गेम्स में उनके अनुभव और प्रदर्शन पर सभी की निगाहें रहेंगी।

# नवोदित कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत की विभिन्न रागों की प्रस्तुतियां दी



नर्मदापुरम (निप्र)। सेठानीघाट पर सत्संग भवन में संचारी संगीत केंद्र के तत्वावधान में नवोदित कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत की विभिन्न रागों की प्रस्तुतियां दी। जिसमें आरना देव तिवारी और शिक्षा गुबरेले ने राग जौनपुरी की युगल प्रस्तुति दी आराध्या तिवारी ने राग तोड़ी अनय गौर ने राग बिहाग की प्रस्तुति दी आकाशवाणी भोपाल से शास्त्रीय संगीत की ग्रेडेड कलाकार सिद्धा साई ने बिलासखानी तोड़ी राग की एवं खैरागढ़ से पधारे शास्त्रीय संगीतकार मयंक बिसेन ने राग चारुकेसी में ख्याल गायकी की और अंत में अथर्व दुबे ने नटभैरव राग की प्रस्तुति सारंगी वादन से की तबले पर क्रमशः संगत ऋषभ विजय योगी उत्कर्ष तिवारी और अनुल्प चौबे ने शानदार प्रस्तुति दी तानपुरे पर निकिता पटेल और राजेश्वरी भदौरिया ने संगत की ।कार्यक्रम में पूर्व विधायक पं गिरिजा शंकर शर्मा संचारी संगीत केंद्र के प्रमुख संगीतकार प्राण कृष्ण साई अजय सैनी श्रीमती अमिता साई सुश्री शीलू तिवारी प्रशांत मुन्नू दुबे आकाश जैन जीत वैश्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# शिक्षा समिति की बैठक में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर की सार्थक चर्चा



नर्मदापुरम (निप्र)। संसदीय सौंध नई दिल्ली में आयोजित शिक्षा समिति की बैठक में होशंगाबाद.नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सम्मिलित होकर देश में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुख बनाने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की। बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार आधुनिक तकनीक के उपयोग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास कौशल आधारित शिक्षा तथा शिक्षा को समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक प्रभावी बनाने जैसे विषयों पर विचार.विमर्श हुआ।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की प्रगति और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार हमारी युवा शक्ति है जिसे गुणवत्तापूर्ण आधुनिक एवं संस्कार युक्त शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उनमें कौशल नवाचार वैज्ञानिक दृष्टिकोण नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास किया जाना चाहिए। बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा में तकनीक और कौशल विकास को बढ़ावा देकर युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना समय की आवश्यकता है। श्री चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का उद्देश्य देश के प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना और भारत को ज्ञान एवं कौशल की वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए शिक्षा की गुणवत्ताए पहुंच और प्रभावशीलता को निरंतर मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समिति में हुए सार्थक विचार.विमर्श और सुझावों के माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

# सहायक नदियों का ध्यान रखने से होगी नर्मदा मैया की सेवा : मोहन नागर



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नर्मदापुरम एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रिवर व्यू परिसर में 'नर्मदा संवाद' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विशिष्ट अतीत नीतू महेंद्र यादव उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में बृज किशोर भार्गव एवं कार्तिक सप्रे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।कार्यशाला में नर्मदा जलग्रहण क्षेत्र में जैविक एवं प्राकृतिक कृषि, नर्मदा नदी एवं उसकी सहायक नदियों का संरक्षण, नर्मदा घाट एवं नर्मदा परिक्रमावासियों की सुविधाओं तथा घाट संस्कृति एवं घाट संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने इन विषयों को लेकर स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना भी तैयार की। विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष पद्मश्री मोहन नागर ने कहा कि नर्मदा की निर्मलता और अविरलता के लिए केवल मुख्य नदी पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है। नर्मदा की सहायक नदियों और उनके जलग्रहण क्षेत्रों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सहायक नदियों को बचाने के लिए जंगलों की कटाई रोकना, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना तथा नदियों में पहुंचने वाले प्रदूषित एवं गंदे पानी को रोकना जरूरी है।उन्होंने कहा कि सहायक नदियों का जल नर्मदा में निरंतर प्रवाहित होता रहे, इसके लिए उनके उद्गम क्षेत्रों से लेकर नर्मदा में मिलने तक संरक्षण की सतत व्यवस्था करनी होगी। सहायक नदियों के किनारे बसे गांवों को भी इस अभियान से जोड़कर वहां स्वच्छता, जल संरक्षण और वृक्षारोपण के कार्य किए जाने चाहिए। मोहन नागर ने नर्मदा परिक्रमा की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने नर्मदा को केवल नदी नहीं, बल्कि जीवनदायिनी मां के रूप में देखा है। नर्मदा परिक्रमा के माध्यम से नदी और उसके तट से समाज का भावनात्मक संबंध मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि नर्मदा संरक्षण का कार्य केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि समाज की सहभागिता से ही सफल हो सकता है। उन्होंने नर्मदा से जुड़े गांवों और समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर कार्य करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को नर्मदा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण के लिए अपनी भूमिका तय करनी होगी। इसके लिए स्थानीय स्तर पर निरंतर जनजागरण, स्वच्छता, वृक्षारोपण और जल संरक्षण के कार्य किए जाने की आवश्यकता है।

# त्यौहार के समय वाहन चेकिंग रोकने की मांग की कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने

नर्मदापुरम। इटारसी(निप्र)। त्यौहारों के मद्देनजर आमजन को आवागमन में होने वाली परेशानी को देखते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने पुलिस अधीक्षक से मोबाइल द्वारा संपर्क कर त्यौहार के समय वाहन चेकिंग में राहत देने का अनुरोध किया। जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डु पांडेय ने एसपी से निवेदन किया कि त्यौहार के दौरान बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर अनावश्यक वाहन चेकिंग नहीं की जाए ताकि आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। इस पर पुलिस अधीक्षक ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि त्यौहार के दौरान आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा वाहन चेकिंग को लेकर आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने कहा कित्यौहार खुशी और भाईचारे का समय होता है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग खरीदारी और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए घरों से निकलते हैं।

लगातार वाहन चेकिंग होने से आम नागरिकों व्यापारियों और परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होने पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है कि त्यौहार के समय अनावश्यक वाहन चेकिंग से लोगों को राहत दी जाए। एसपी ने इस संबंध में सकारात्मक आश्वासन दिया है। श्री पांडेय का कहना है कि पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए आमजन को त्योहार के दौरान सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराए। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# RAMP योजना के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण के लिए MSMES एवं STARTUPS से नामांकन आमंत्रित

### सितंबर माह में प्रस्तावित E&posure Visit के लिए 31 अगस्त तक कर सकेंगे निःशुल्क पंजीयन

नर्मदापुरम (निप्र)। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र (DTIC) द्वारा बताया गया है कि RAMP योजना के अंतर्गत प्रस्तावित E&posure Visits (औद्योगिक भ्रमण) के लिए पात्र MSMEs एवं Startups से नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। नर्मदापुरम जिले के पात्र MSMEs एवं Startups भी इस औद्योगिक भ्रमण के लिए अपना नामांकन करा सकते हैं। औद्योगिक भ्रमण के माध्यम से पात्र उद्यमियों एवं स्टार्टअप्स को संबंधित उद्योगों की कार्यप्रणाली, नवीन तकनीक, उत्पादन प्रक्रिया तथा व्यवसायिक गतिविधियों को नजदीकी स्तर पर समझने का अवसर मिलेगा। भ्रमण के लिए पात्र सेक्टर्स एवं उद्योगों का विस्तृत विवरण निर्धारित Google Form में उपलब्ध कराया गया है। सितंबर माह में प्रस्तावित औद्योगिक भ्रमण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है।

# सोपास प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा एवं परिवहन मंत्री से की मुलाकात

### आरटीई प्रतिपूर्ति सहित स्कूल परिवहन की समस्याओं के शीघ्र समाधान का मिला आश्वासन



नर्मदापुरम (निप्र)। निजी गैर.अनुदान प्राप्त विद्यालयों की विभिन्न व्यावहारिक वित्तीय एवं प्रशासनिक समस्याओं को लेकर सोसायटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स ;सोपास मध्यप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आरटीई प्रतिपूर्तिए स्कूल बसों के परमिट एवं फिटनेस, फीस एवं टीसी तथा निजी विद्यालयों से संबंधित विभिन्न नीतिगत विषयों को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में प्रदेशभर में एकरूप एवं व्यावहारिक व्यवस्था बनाए जाने की मांग की गई।इस अवसर पर सोपास प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रवीण पणिकर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शिव कुमार दुबे प्रदेश महासचिव राजेश राजोरिया प्रदेश संगठन मंत्री रविशंकर राजपूत प्रदेश संयोजक विनय यादव प्रदेश सचिव देवेंद्र पटेल जिला अध्यक्ष नर्मदापुरम आलोक राजपूत वेंकटेश राव दिनेश शर्मा नीता धाकड़ महेश ठाकुर देवेंद्र अजमेरा सुनील खामरा शिव हरि नागर कपिल पाठक एवं मोहनलाल गौर उपस्थित रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के समक्ष आरटीई की लंबित प्रतिपूर्ति राशि के समयबद्ध भुगतान वास्तविक लागत के अनुरूप प्रतिपूर्ति राशि के पुनर्निर्धारण तथा स्कूल परिवहन से जुड़ी परमिट एवं फिटनेस की जटिलताओं को दूर करने की मांग रखी। ज्ञापन में स्कूल परिवहन के लिए प्रदेशभर में एक समान एसओपी तथा परमिट एवं फिटनेस प्रक्रिया को सरल ऑनलाइन और समयबद्ध बनाने की मांग भी की गई। सितंबर में आरटीई राशि जारी करने का आश्वासन सोपास प्रतिनिधिमंडल के अनुसार मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुना तथा समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

# मंदिरों में एक सप्ताह पूर्व से होने लगी जन्माष्टमी की तैयारियां

नर्मदापुरम (निप्र)। मंदिरों के शहर नर्मदापुरम में हर त्यौहार जयंती और पर्व धूमधाम से मनाए जाते हैं। भुजरिया का पर्व मनाए जाने के बाद अब सेठानी घाट सहित अन्य अनेक मंदिरों में जन्माष्टमी का पर्व भक्ति भाव और धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। आचार्य पं नीरजेश त्रिपाठी ने बताया कि मथुरा, वृंदावन आदि स्थानों की तरह सभी जगह 4 सितंबर को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। अभी इस पर्व को एक सप्ताह से ज्यादा दिन बांकी है लेकिन मंदिरों की सजावट का कार्य शुरू होने लगा है। विशेष कर भगवान श्रीकृष्ण राधा जी की प्रतिमा वाले सभी मंदिरों में अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं यादव यदुवंशी समाज के लोगों के द्वारा भी हर वर्ष मनाई जाने वाली जन्माष्टमी को लेकर बैठक करने तथा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाने लगी है। ग्वाल समाज के द्वारा भी मंदिर तथा गार्डन में किए जाने वाले नंदोत्सव के आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। इसके साथ ही नर्मदा तट के सेठानी घाट तथा विवेकानंद घाट के समीप कन्हैया जी के श्रृंगार की सामग्री की दुकानों से सामग्री की बिक्री शुरू हो गई है।

### टिमरनी में आज 'प्रधानमंत्री युवा संवाद' एवं खेल दिवस का होगा आयोजन

हरदा (आरएनएस)। खेल दिवस के पावन अवसर पर 27 अगस्त को माय भारत हरदा और भाऊ साहब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय, टिमरनी की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में 'प्रधानमंत्री युवा संवाद' का आयोजन होगा।इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का युवाओं के साथ सीधा टू-वे (आभासी) संवाद होगा। इसमें देश भर के युवाओं को अपने विचार और सुझाव सीधे साझा करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्री डी. डी. उइके उपस्थित रहेंगे। वे इस दौरान युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे।

# जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## चयनित खिलाड़ी करेंगे राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व

डोलरिया (निप्र)। होशंगाबाद योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शासकीय महाविद्यालय डोलरिया में योगासन भारत के निर्धारित नीति.निर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न आयु वर्गों के बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के अध्यक्ष योगाचार्य रघुवीर सिंह राजपूत समाजसेवी श्रीराम पटेल संजू राजपूत योगेंद्र सिंह भदौरिया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य मोहर सिंह हिंडोलिया जितेन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य रघुवीर सिंह राजपूत ने कहा कि एसोसिएशन योग के माध्यम से बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संगठन में प्रशिक्षण प्राप्त योग प्रतिभाएं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। योगासन को खेल के रूप में निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है तथा खेलो इंडिया सहित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर इसके विस्तार के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता के निर्देशक एवं संचालक देवराज सिंह राजपूत ने प्रतियोगिता के नियम एवं नीति-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि 10 से 55 वर्ष तक के विभिन्न आयु वर्गों में परंपरागत कलात्मक एवं लयबद्ध योगासन संवर्गों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीराम पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला सिवनी मालवा नपाध्यक्ष रिंकू जैन योगेंद्र सिंह भदौरिया, संजू राजपूत ;उपसरपंच एवं प्राचार्य मोहर सिंह हिंडोलिया शामिल रहे। इस अवसर पर राजेश गौर सतनारायण परिहार करतार सिंह राजपूत जितेंद्र सिंह सुनील सिंह राजपूत राकेश भट्ट अमित दुबे मुकेश शुक्ला देवेंद्र पटेल अनुभव राजपूत राजेंद्र राजपूत यश शिवांगी यादव एवं मनीषा राजपूत सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। संचालन आर्य देवराज सिंह राजपूत ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका आरती शर्मा उषा आर्य ललिता एवं आकाश विश्वकर्मा ने निभाई।

### प्रतियोगिता परिणाम

परंपरागत योगासन बालिका वर्ग;10 से 14 वर्ष में प्रथम नीरजा तिवारी, द्वितीय सिद्धि राजपूत तृतीय मयूरी राजपूत, परंपरागत योगासन बालिका वर्ग;18 से 28 वर्ष प्रथम अदिति बिलेद्वितीय डिम्पल राठौर, परंपरागत योगासन बालक वर्ग;10 से 14 वर्ष प्रथम आरव श्रीवास्तव द्वितीय रोहित शर्मा तृतीय रिपुंजे सिंह परंपरागत योगासन बालक वर्ग;14 से 18 वर्षप्रथम तनिष्क चोरे द्वितीय अभिमन्यु यादव तृतीय कार्तिक यादव परंपरागत योगासन बालक वर्ग;18 से 28 वर्ष प्रथम अमित धाकड़, आर्टिस्टिक सिंगल बालक वर्ग;10 से 14 वर्ष प्रथम देवेंद्र बारकार द्वितीय आदर्श सिंह आर्टिस्टिक सिंगल बालक वर्ग ;14 से 18 वर्ष प्रथम आदित्य सराठे द्वितीय अभिमन्यु यादव, आर्टिस्टिक पेयर प्रथम रुद्रा एवं हर्ष पटेल, रिदमिक पेयर प्रथम अभिनव मालवीय एवं देवेंद्र कीर प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों के उत्साह एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

तथा चयनित खिलाड़ियों को रघुवीर सिंह राजपूत प्राचार्य मोहर सिंह हिंडोलिया ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया आगामी राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गईं। अंत में सचिव जितेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।


पश्चिम मध्य रेल — वाणिज्य विभाग-जबलपुर मंडल

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।

**GMU Catering Units:-**

सभी लॉट्स के लिए कार्य का प्रकार-खानपान, सभी लॉट्स के लिए कैटलॉग क्र.-JBP-C-Catg-26-6, सभी लॉट्स के लिए ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय-07.09.2026 (11:00 hrs)

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| करेली | Catg-JBP-KY-GMU-300-25-1 | KY-CS-6 | 07.09.2026-11:30 hrs |
| जैतवारा | Catg-JBP-JTW-GMU-14-25-1 | JTW-CS-5 | 07.09.2026-11:40 hrs |
| ब्योहारी | Catg-JBP-BEHR-GMU-319-26-1 | BEHR-CS-6 | 07.09.2026-11:50 hrs |

**SMU Catering Units:-**

सभी लॉट्स के लिए कार्य का प्रकार-खानपान, सभी लॉट्स के लिए कैटलॉग क्र.-JBP-C-Catg-26-6, सभी लॉट्स के लिए ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय-07.09.2026 (11:00 hrs)

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| कटनी | Catg-JBP-KTE-SMU-196-23-3 | KTE-CS-3 (OBC) | 07.09.2026-12:00 hrs |
| कटनी | Catg-JBP-KTE-SMU-197-25-2 | KTE-CS-5 (BPL) | 07.09.2026-12:10 hrs |
| कटनी | Catg-JBP-KTE-SMU-221-25-2 | KTE-CS-14 (SC Women) | 07.09.2026-12:20 hrs |
| सागर | Catg-JBP-SGO-SMU-190-26-1 | SGO-CS-6 (FFWW Women) | 07.09.2026-12:30 hrs |
| निवार | Catg-JBP-NWR-SMU-318-26-1 | NWR-CS-1 | 07.09.2026-12:40 hrs |

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auctin Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com